माघ शुक्ल पक्ष-2, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 267 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
12 मार्च 2024 मंगलवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर


# दोपहर मेट्रो



Page- 7

### जजपा से मतभेद, समर्थन वापस, सीएम खट्टर ने दिया इस्तीफा...

# हरियाणा में भाजपा-जेजेपी गठबंधन खत्म, खट्टर अब निर्दलीयों के भरोसे



**चंडीगढ, एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा में सियासी हलचल तेज हो गई है। हरियाणा की सियासत में आज बडे उलटफेर का दिन है। आज भाजपा-जेजेपी सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा अब भाजपा की खट्टर सरकार निर्दलीय विधायको के भरोसे है। पांच निर्दलींय भाजपा के समर्थन में आगे आए हैं। वहीं भाजपा और जननायक जनता पार्टी का गठबंधन टूट गया है। इससे पहले देर रात हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिये दो सीटें मांगी थी। जबकि भाजपा सभी दस सीटों पर लड़ने पर अड़ी है। सूत्रों के अनुसार भाजपा अलाकमान ने उन्हें कहा कि जो गठबंधन का आकार होगा, उससे अवगत कराया जाएगा। इसके बाद आज चंडीगढ़ में भाजपा विधायकों के साथ निर्दलीयों विधायकों की जो बैठक बुलाई गई, उसमें गठबंधन में शामिल जेजेपी विधायकों को नहीं बुलाया गया।

साफ तौर पर यह कारण सामने आ गया है कि सीटों के बंटवारे पर दुष्यंत चौटाला की पार्टी जेजेपी और भाजपा के बीच सहमति नहीं बन सकी है। जेजेपी ने जो सीट मांगी है, उन्हें देने के लिए भाजपा तैयार नहीं है। इसके बाद से ही माना जा रहा था कि जेजेपी खट्टर सरकार से समर्थन वापस ले लेगी। हालांकि इससे सरकार पर कोई खतरा नहीं है। हरियाणा विधानसभा में कुल 90 सीट है और बहुमत का आंकड़ा 46 है। अभी भाजपा के पास 41 विधायक हैं और 5 निर्दलीयों को समर्थन हासिल है। बावजूद आजका दिन काफी अहम माना जा रहा है। अब सीएम खट्टर के इस्तीफे के बाद नए सिरे से हरियाणा सरकार के मंत्रिमंडल का गठन हो सकता है। कहा जा रहा है कि अब हरियाणा में बीजेपी और जननायक जनता पार्टी गठबंधन नहीं रहेगा। भाजपा ने विधायक दल की बैठक के लिरये अर्जुन मुंडा और तरुण चौक पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल होने के लिये भेजे हैं।

## सभी विपक्षी एक सुर में बोले-डूबता जहाज बचाने की कोशिश में भाजपा

**आगामी** लोकसभा चुनाव से पहले देशभर में नागरिकता संशोधन कानून लागू करने पर सभी विपक्षी दलों के सुर लगभग एक जैसे हैं। इसे भाजपा का डूबता जहाज बचाने की कोशिश कहा जा रहा है। हालांकि कानून में संशोधन को चार साल पहले ही राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। अब चुनाव से ठीक पहले इसका नोटिफिकेशन जारी करने के केंद्र सरकार के फैसले की विपक्षी नेताओं ने आलोचना की है और टाइमिंग पर सवाल उठाए हैं। एनसीपी संस्थापक शरद पवार ने कहा, 'ऐसी संभावना है कि चुनाव आयोग अगले तीन-चार दिनों में चुनाव का ऐलान करेगी. तीन-चार दिनों में चुनाव का कार्यक्रम जारी होने से पहले केंद्र सरकार ने इस तरह का कानून लागू किया है, जिसका मतलब संसदीय लोकशाही प्रक्रिया पर सीधे-सीधे आक्रमण है,




जिसकी हम निंदा करते हैं.'कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़ने ने कहा कि सीएए भेदभावपूर्ण है और भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों और भावना के खिलाफ है। चुनाव से ठीक पहले अधिसूचित सीएए नियम दर्शाता है कि बीजेपी ध्रुवीकरण की राजनीती को लेकर कितनी सजग है। सांसद शशि थरूर,सपा चीफ अखिलेश यादव, तमिलनाडु के सीएम स्टालिन,केरल सीएम विजयन, दिल्ली केजरीवाल व असदुद्दीन ओवेसी ने भी निंदा की है।

## राजस्थान में डबल राहुल...धनखड़ के दामाद ने कांग्रेस का दामन थामा



**जयपुर एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में भाजपा के राजस्थान में 'मिशन 25% को झटका लगने के आसार बन गये हैं। क्योंकि चूरू के सांसद राहुल कस्वां ने टिकट नहीं मिलने से खफा होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर भाजपा को मुश्किल में डाल दिया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के दामाद राहुल के इस पैंतरे से हलचल मच गई है। लगातार दो बार के सांसद राहुल कस्वां चूरू के मंझे हुए राजनीतिज्ञ माने जाते हैं। इस बार पांच वर्तमान सांसदों का टिकट काटकर नए चेहरों को भाजपा ने मौका दिया। राहुल की जगह पैरा ओलंपिक खिलाड़ी देवेंद्र झाझडिया को टिकट दिया गया है। कयास हैं कि अब कांग्रेस राहुल कस्वां चूरू से लोकसभा उम्मीदवार बना सकती है। राहुल कस्वा के पिता रामसिंह कस्वां भी चार बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं। यही नहीं, उनके दादा दीपचंद कस्वां भी लोकसभा सांसद रहे हैं। राहुल कस्वां की मां कमला कस्वां भी सादुलपुर से विधायक रह चुकी हैं।

## मप्रःभाजपा व कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची आज आने के आसार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा के बाकी पांच सीटों के नामों के साथ ही आज कांग्रेस की भी मप्र के लिये पहली सूची जारी होने के आसार हैं। मप्र में भाजपा अपने 24 उम्मीदवार पहले ही तय कर चुकी है। बीती रात बारह बजे तक दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मप्र समेत अनेक राज्य के नामों पर विचार हुआ है। भाजपा की पहली सूची में देशभर की 195 संसदीय सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया गया था। मप्र में इंदौर,धार, उज्जैन, बालाघाट, छिंदवाड़ा सीटों पर फैसला रोका गया था।





धार से गजेंद्र सिंह राजूखेडी को टिकट के आसार है,जो हाल में कांग्रेस से भाजपा में लौटे हैं। वहीं नर्मदापुरम सीट पर उम्मीदवार के बदलने की भी चर्चा है। इधर कांग्रेस की सीईसी बैठक भी कल हो गई है। इसमें भी देशभर की करीब पचास सीटों पर चर्चा कर अंतिम निर्णय हुआ है। इनमें मप्र के एक दर्जन नाम शामिल बताए जाते हैं। छिंदवाडा से कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ और मंडला से ओमकार मरकाम, झाबुआ से कांतिलाल भूरिया व सीधी से कमलेश्वर पटेल को चुनाव लडाया जाएगा। जानकार सूत्रों का कहना है कि मप्र की कुछ अन्य सीटो पर भी विचार किया गया है लेकिन अभी इन पर अंतिम सहमति नहीं बन सकी है। इसमें इंदौर गुना जबलपुर जैसी सीटें शामिल हैं। कांग्रेस चाहती है कि बड़ी सीटों पर बडे नेता चुनाव लडें ताकि कार्यकर्ता भी उत्साहित हो सकें। इसके लिये संकेत भी भेजे गये हैं। हालांकि कमलनाथ व दिग्विजय सरीखे कई नेता चुनाव लड़ने से इंकार कर रहे हैं। माना जाता है कि कांग्रेस अब चुनाव के ऐलान के बाद मप्र की दूसरी सूची जारी कर सकती है। लेकिन आज संभावित सूची में दर्जनभर नाम सामने आने के आसार हैं।

## खजुराहो से भी वंदेभारत ट्रेन शुरू, मोदी ने दिखाई हरी झंडी



**अहमदाबाद, दोपहर मेट्रो**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश को रेलवे से जुड़ी आज कई सौगात दीं। उन्होंने खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन अहमदाबाद से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर किया। लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम भोपाल रेलवे स्टेशन पर हुआ। प्रधानमंत्री इसमें वर्चुअली जुड़े। मुख्य कार्यक्रम गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में रहा। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश को हर साल रेलवे की ओर से 15 हजार करोड़ रुपए बजट मिल रहा है। प्रदेश को निजामउद्दीन-खजुराहो चौथी वंदे भारत की सौगात मिलने जा रही है। यह नयी वंदेभारत ट्रेन सुबह 9.15 बजे खजुराहो स्टेशन से रवाना होगी और दोपहर 2.55 बजे ग्वालियर आएगी। यह चौथी वंदे भारत ट्रेन होगी। आज 85 हजार करोड़ से अधिक की 6 हजार रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। मोदी ने इसे 100 साल के रेलवे के इतिहास का सबसे बड़ा कार्यक्रम बताया। उन्होंने कहा कि आज जो लोकार्पण हुआ है वह वर्तमान के लिए और जो शिलान्यास हुआ है वह उज्जवल भविष्य के लिए है। मोदी ने पुरानी सरकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका शिकार रेलवे हुई। उन्होंने रेलवे की उपेक्षा के लिए कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा।

### वीडी ने जताया आभार

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज पीएम मोदी द्वारा खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने पर आभार जताया है। शर्मा ने खजुराहो में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 10 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को देश को समर्पित किया है, उनमें से एक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बुन्देलखण्ड के खजुराहो क्षेत्र को भी समर्पित की है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जी-20 देशों की बैठक के दौरान महसूस किया था कि खजुराहो विश्व पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पर्यटन व्यवसाय तथा बुन्देलखण्ड के विकास को गति प्रदान करने के लिए ही वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी है।*

## दिग्विजय मानहानि मामले में दोषमुक्त



**ग्वालियर।** एमपी-एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को दोषमुक्त कर दिया है। उनके खिलाफ मानहानि का केस चल रहा था। सुनवाई के बाद एमपी-एमएलए कोर्ट के जज महेंद्र सैनी ने माना कि केस चलाने योग्य नहीं है। कोर्ट ने सेक्शन 499 के अपवाद 9 के तहत दिग्विजय सिंह को दोषमुक्त किया है। बता दें, बीजेपी कार्यकर्ता और एडवोकेट अवधेश सिंह भदौरिया ने पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के खिलाफ मानहानि केस किया था. दिग्विजय सिंह ने 31 अगस्त 2019 को भिंड में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा था -एक बात मत भूलिये जितने भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करते पाए गए हैं, बजरंग दल, भाजपा, आईएसआई से पैसा ले रहे हैं।

## आतंकी गठजोड़ पर एनआईए की मप्र समेत 30 स्थानों पर छापामार कार्रवाई

**नई दिल्ली, भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आज राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने आतंकवादी-गैंगस्टर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश सहित चार राज्यों में छापामार कार्रवाई की है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ व मप्र के निमाड़ समेत 30 स्थानों पर यह कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि पंजाब में फरीदकोट के कोटकपूरा में मंगलवार सुबह एनआईए की टीम ने एक कारोबारी के घर पर दबिश दी। यह जांच पिछले ढाई घंटों से जारी है सुबह लगभग छह बजे एनआईए की टीम द्वारा कोटकपूरा के कारोबारी नरेश कुमार उर्फ गोल्डी के घर दबिश दी गई। जानकारी के अनुसार नरेश कुमार उर्फ गोल्डी आटा चक्की चलाता है। सूत्रों के अनुसार नरेश कुमार के रिश्तेदार के साथ लिंक निकलने के चलते एनआईए ने उसके घर पर रेड की है। फिलहाल एनआईए की टीम जांच में



जुटी हुई है। वहीं मोगा के निहाल सिंह वाला के विलासपुर में रविंद्र सिंह नाम के नौजवान के घर एनआईए ने रेड की। टीम रविंद्र के नाम पर चल रहे मोबाइल नंबर के बारे में जानकारी लेने पहुंची थी। हरियाणा के हिसार में एनआईए की टीम पहुंची है। जानकारी के अनुसार टीम ने सिवानी के दरियापुर ढाणी में ट्रांसपोर्टर के घर छापेमारी की है। अधिकारियों द्वारा इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।

## रायसेन हादसे के मृतकों के परिवार को चार-चार लाख की सहायता



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बीती रात रायसेन जिले के सुल्तानपुर जोड़ के निकट भीषण सड़क हादसे में घायलों से मिलने मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एम्स पहुंचे। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम इनका इलाज कर रही है। भोपाल एम्स में रेफर किये गये 5 घायलों में से 3 खतरे से बाहर हैं , जबकि एक अन्य वेंटिलेटर पर है। हादसे में अति गंभीर रूप से घायल एक की मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता देने के साथ ही समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं।

**क्रिमिनल कपल** | बैंक्वेट हॉल अभेद्य किले में तब्दील, चार राज्यों की पुलिस हाई अलर्ट पर...

# तिहाड़ से बारात, गैंगस्टर व लेडी डॉन की शादी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

आज जुर्म के इतिहास में एक नया पन्ना जुड़ रहा है। ऐसा पहली हो रहा है जब जेल में बंद कोई कुख्यात गैंगस्टर और एक लेडी डॉन की शादी हो रही है। इसके लिए कोर्ट ने बाकयदा उसे पेरोल दी है।.उसकी सुरक्षा के लिए सैकड़ों की संख्या में चार राज्यों की पुलिस अत्याधुनिक हथियारों के साथ तैनात है। बैंक्वेट हॉल एक अभेद्य किले में तब्दील हो चुका है। अब बस तिहाड़ जेल से बारात आने का इंतजार है। इसके बाद ये क्रिमिनल कपल शादी के सात फेरे लेगा।यह शादी है हरियाणा के कुख्यात गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी और लेडी डॉन अनुराधा चौधरी उर्फ मैंडम मिंज की। दोनों आज आज दिल्ली के द्वारका स्थित संतोष पैलेस में शादी करेंगे।

खास बात यह है कि इस शादी ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब पुलिस के साथ-साथ सेंट्रल एजेंसियों तक को पंजों पर ला खड़ा किया है। क्योंकि दूल्हे पर संगीन गुनाहों के चालीस मामले दर्ज हैं और दुल्हन अपने सिर पर 19 केसेज लिए हुए फेरे लेने वाली है। दिल्ली पुलिस को शक है कि उनकी शादी पर कभी भी उनके विरोधी गुटों की तरफ से हमला हो सकता है। लिहाजा दूल्हा-दुल्हन के साथ मेहमानों की हिफाजत भी होगी। मेहमानों की एंट्री के लिए दो मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। हर मेहमान को एक-एक बार कोड भी दिया गया है, जिसकी स्कैनिंग के बाद ही मैरिज हॉल में एंट्री मुमकिन है। बैंक्वेट हॉल में 150 से ज्यादा पुलिसवालों को अत्याधुनिक हथियारों के साथ तैनात किया गया है। पुलिस इनपुट में अपराधियों की गैदरिंग और शेयरिंग से लेकर काउंटर अटैक तक की प्लानिंग है। दरअसल शादी से ठीक दो दिन पहले यानी 10 मार्च को दिल्ली पुलिस ने जठेड़ी गैंग के ही पांच शार्प शूटर्स को गिरफ्तार किया है।



काला जठेड़ी
गैंगस्टर

अनुराधा
लेडी डॉन

### ऐसे शुरू हुई लवस्टोरी

*काला जठेड़ी और अनुराधा चौधरी की लव स्टोरी की शुरुआत अब से कोई तीन साल पहले तब हुई थी, जब दोनों अलग-अलग जुर्म के मामलों में वॉन्टेड थे और फरार थे। फरारी काटते हुए ही दोनों को एक दूसरे से प्यार हुआ और दोनों ने चुपके से हरिद्वार में शादी भी रचा ली। लेकिन इसे घरवालों के अरमानों के चलते जठेड़ी और चौधरी फिर से एक दूसरे से शादी कर रहे हैं। अनुराधा का कहना है कि वो और उसका होने वाला पति काला जठेड़ी दोनों ही अब जुर्म की दुनिया छोड़ कर एक नई शुरुआत करना चाहते हैं। अनुराधा फर्राटेदार इंग्लिश बोलती है। अब उसने मुहब्बत में एलएलबी की पढ़ाई भी शुरू कर दी है। वह पति के केस खुद ही हैंडल करेगी। हालांकि वह एक ऐसा डॉन है जिसे शादी जैसे काम के लिए भी बमुश्किल 6 घंटे की पेरोल मिली है।*

## चरमरा सकती है स्वास्थ्य सेवाएं



प्रदेश के जूनियर डॉक्टर्स अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ लगातार विरोध कर रहे हैं। भोपाल में जूनियर डॉक्टर्स काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। मांगें पूरी नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में जूनियर डॉक्टर्स हड़ताल पर जा सकते हैं।

# पीएससी क्लीयर नहीं करने वाले सहायक प्राध्यापकों को पदनाम देने का विरोध शुरू

### पीएससी क्लियर करने वाले सहायक प्राध्यापकों ने विरोध दर्ज कराया, विसंगति दूर करने की मांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पीएससी क्लीयर नहीं करने वाले सहायक प्राध्यापकों को पदनाम देने का विरोध शुरू हो गया है। पीएससी क्लीयर करने वाले सहायक प्राध्यापकों ने इसे विसंगति बताते हुए विरोध दर्ज कराया है और जांच की मांग की है। मामले में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी कुछ बोलने से बच रहे हैं। दरअसल, प्रदेश के कॉलेजों में कार्यरत 700 प्रोफेसर चार साल से पदनाम का इंतजार कर रहे हैं। पदनाम संबंधी फाइल लंबे समय से प्रमुख सचिव कार्यालय में अनुमति के लिए अटकी हुई है। अब सहायक प्राध्यापकों ने उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर इस विसंगति को दूर करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि विभाग द्वारा दिसंबर 1986, दिसंबर 1987 एवं नवंबर 1989 में विभिन्न विषयों में सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति की गई थी। नियमित नियुक्ति के लिए इन सभी को प्रथम अवसर आते ही लोक सेवा आयोग से चयनित होना था। इनमें से लगभग आधे सहायक प्राध्यापक 1993 में लोक सेवा आयोग से चयनित हो गए। सहायक प्राध्यापकों में से कुछ परीक्षा में असफल हो गए और कुछ ने परीक्षा का बहिष्कार किया। शासन ने 24 दिसंबर 1998 को इन सहायक प्राध्यापकों को नियमित कर दिया गया।

# मदर मिल्क बैंक को काटजू अस्पताल में किया शिफ्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राजधानी स्थित जयप्रकाश चिकित्सालय (जेपी अस्पताल) में संचालित मदर मिल्क बैंक को काटजू अस्पताल शिफ्ट किया गया है। जेपी अस्पताल में करीब आठ साल पहले यह सुविधा शुरू की गई थी। कई कारणों से बच्चों को माताएं दूध पिला नहीं पाती है। वहीं एसएनसीयू में भर्ती नवजात को भी ह्यूमन मिल्क बैंक के जरिए उनकी माताओं की दूध पिलाया जाता है। अभी जेपी अस्पताल में अब लेकटेशन मैनेजमेंट यूनिट तैयार की गई है। यह यूनिट अस्पताल में भर्ती बीमार बच्चों को उनकी मां का दूध उपलब्ध कराने का कार्य करेगी।

# अभाविप ने फूंका ममता सरकार का पुतला

**भोपाल।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेताओं के द्वारा महिलाओं व छात्राओं के साथ किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ ममता बनर्जी सरकार व पुलिस के द्वारा कार्रवाई न किए जाने से आक्रोशित अभाविप कार्यकर्ताओं ने सोमवार को ममता सरकार का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल की गिरफ्तारी के खिलाफ भोपाल के रोशनपुरा चैराहे पर प्रदर्शन किया गया और राष्ट्रीय महामंत्री रिहाई की मांग की।

# संजीव नगर से नेवरी लालघाटी सड़क का लोकार्पण आज शाम

**भोपाल।** नरेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संजीव नगर से नेवरी लालघाटी तक की बहुप्रतिक्षित सड़क बनकर तैयार है। इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम 6बजे करेंगे। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि संजीव नगर करोंद से लालघाटी जाने वालों को अब सात किमी लंबा चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। यात्री अब लालघाटी से संजीव नगर होते हुए एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे। उन्होंने बताया कि लंबे समय से इस सड़क निर्माण को लेकर प्रयास किया जा रहा था। लेकिन मिलिट्री एरिया में होने से इसमें रक्षा मंत्रालय (भारत सरकार) से विभिन्न स्वीकृतियां मिलने के बाद ही यह सड़क निर्माण पूरा हो सका।

# आज से शुरू हुई सीयूईटी पीजी-2024 परीक्षा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा विश्वविद्यालयों में विभिन्न कोर्सेस में प्रवेश के लिए कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) पीजी 2024 परीक्षा आयोजित की जा रही है। तीन पालियों में आयोजित यह परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है और 28 मार्च तक चलेगी। पहली पाली सुबह 9 बजे से 10.45 बजे तक रही। वहीं दूसरी पाली दोपहर 12.45 बजे से 2.30 बजे तक और तीसरी पाली शाम 4.30 बजे से 6.15 बजे तक आयोजित होगी।

### 275 सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू

# सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश के लिए अब 16 मार्च से कर सकेंगे आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के 275 सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। 16 मार्च से विभाग द्वारा सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। 16 मार्च से विद्यालय की प्रारंभिक कक्षा केजी-1, पहली में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। स्कूलों में आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया 16 से 23 मार्च के बीच होगी। 28 मार्च को प्रवेश सूची जारी की जाएगी। छह अप्रैल तक फार्म भरवाना, अभिलेख प्राप्त कराना एवं शुल्क लागू हो, तो उसे प्राप्त किया जाएगा। नए सत्र की कक्षाएं एक अप्रैल से शुरू होंगी।

**छठवीं एवं नौवीं में ऐसे होगा प्रवेश:** जारी आदेश में कहा गया है कि छठवीं एवं नौवीं में कैंपस विद्यालय के विद्यार्थियों का प्रवेश पूर्ण होने के बाद ही रिक्त स्थानों का आकलन एवं अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के बच्चों को उसी विद्यालय में सीधे प्रवेश (लाटरी सिस्टम से न दिए जाकर सीधे प्रवेश) दिए जाने का प्रविधान किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया अंतर्गत 15 मार्च तक प्राचार्य द्वारा माध्यमवार कक्षावार आकलन कर रिक्त स्थानों की सीएम राइज विमर्श पर प्रविष्टि की जाएगी।



### 9वीं एवं 11वीं के परिणाम 1 अप्रैल तक होंगे जारी

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं 11वीं की परीक्षाएं जारी हैं। परीक्षाओं के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग ने मूल्यांकन भी शुरू कर दिया है। आयुक्त लोक शिक्षण ने सभी संभागीय संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा-9वीं एवं 11वीं के वार्षिक परीक्षा संचालन एवं मूल्यांकन संबंधी निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि समस्त प्राचार्य 28 मार्च, 2024 तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण करेंगे और अंक पत्रक विकासखण्ड के उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य को जमा करेंगे। विकासखण्ड के उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य विद्यालयवार परीक्षा परिणाम तैयार कर एक अप्रैल, 2024 को परीक्षा परिणाम घोषित करेंगे। इसके साथ ही सभी प्राचार्यों को अपने विद्यालय के परीक्षा परिणाम विमर्श पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### एसटी वर्ग के विद्यार्थियों की एग्जाम फीस अब माशिमं को भेजी जाएगी

**अनुसूचित** जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के परीक्षा शुल्क का भुगतान सीधे माध्यमिक शिक्षा मंडल के खाते में होगा। कक्षा 12वीं के परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति करने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से इस राशि की कटौती की जाए। ताकि दोहरा भुगतान न हो। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलों को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। जिसके अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2022 23 एवं 2023-24 की वितरण योग्य पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में, कक्षा 12वीं की परीक्षा शुल्क की राशि का भुगतान अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को नहीं किया जाना है। कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा शुल्क की राशि का भुगतान माध्यमिक शिक्षा मण्डल को आयुक्त जनजातीय कार्य द्वारा किया जाएगा।

### सत्र 2024-25 के लिए तैयारी: 15 मार्च तक स्कूलों को नवीन मान्यता, नवीनीकरण के आवेदन का समय

शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए निजी स्कूलों की नवीन मान्यता, नवीनीकरण मान्यता आवेदन के लिए 15 मार्च का समय दिया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक ने इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि विहित समय सीमा के भीतर नवीन मान्यता, मान्यता के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करने में सोसायटी, ट्रस्ट के असफल रहने पर विलंब शुल्क के रूप में 5 हजार रुपये की राशि अतिरिक्त जमा करने पर 11 से 15 मार्च 2024 तक किया जा सकेगा। शासन के निर्णय अनुसार विलंब शुल्क 5 हजार रुपये के साथ मान्यता आवेदन 15 मार्च 2024 तक किया जा सकेगा। इस तिथि के पश्चात आवेदन नहीं किये जा सकेंगे।

# सांसद-विधायकों के अनुशंसित 15 करोड़ तक के निर्माण कार्य पूरा करने के आदेश

### 10 जिलों के कलेक्टर्स को राज्य शिक्षा केन्द्र ने लिखा पत्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री कार्यालय से सांसदों एवं विधायकों द्वारा अनुशंसित निर्माण कार्यों को मंजूरी प्रदान करने के निर्देश राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स को दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि 15 करोड़ रुपये तक की सीमा के अंतर्गत प्रस्तावित मरम्मत, बाउण्ड्री-वॉल, नवीन भवन, अतिरिक्त कक्ष और शौचालय निर्माण के कार्य को मंजूरी देकर शीघ्र शुरू किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक शहडोल, बुरहानपुर, उज्जैन, नर्मदापुरम, सीहोर, जबलपुर, सतना, रीवा, ग्वालियर एवं भोपाल को दिये गये हैं। अनुशंसित कार्य जिला स्तर पर उपलब्ध राशि या जिला खनिज प्रतिष्ठान की राशि से किये जाने के लिए कहा है।

# अभाविप का मुख्यमंत्री को पत्र...

### आरजीपी में धारा 54 लगाने की मांग, ताकि हो निष्पक्ष जांच

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रभारी कुलपति बनाए जाने को लेकर विरोध दर्ज कराया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर धारा 54 लगाने की मांग की है। अभाविप ने इस पत्र में कहा है कि राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुनील गुप्ता द्वारा कुलपति पद से त्यागपत्र के बाद सिनियोरिटी को आधार न मानते हुए मात्र नियमों के आधार पर किसी सिनियर डीन को चार्ज देने की परंपरा के कारण जूनियर प्राध्यापक को चार्ज दिया जाना वर्तमान स्थिति में न्यायोचित नहीं है। अभाविप का मानना है कि विश्वविद्यालय की वर्तमान परिस्थितियों में शासन को राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 54 का प्रयोग करते हुए तत्काल विश्वविद्यालय का प्रशासन अपने हाथों में लेना चाहिए, ताकि आर्थिक अनियमितताओं को रोका जाए एवं प्रभावी तथा निष्पक्ष जांच हो सके।

**मेट्रो एंकर**

### देशभर से सिंधी प्रतिनिधि जुटेंगे, संतनगर से भी जाएंगे

# अखिल सिंधी समाज का सम्मेलन गोवा में, 200 प्रतिनिधि भाग लेंगे

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सामाजिक संस्था अखिल भारतीय सिंधी समाज का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 14 से 17 मार्च तक गोवा में आयोजित किया गया है। इसके संस्थापक अध्यक्ष त्रिलोक दीपानी ने बताया कि सम्मेलन में देशभर से 200 प्रतिनिधि भाग लेने आ रहे हैं। दीपानी ने बताया कि सम्मेलन में सिंधी समाज को राजनीतिक हल प्रदान करने, लोकसभा, विधान सभा, नगर निगम एवं राज्य सभा में सिंधियों के लिए सीट रिजर्व रखने, सिंधियों को अल्पसंख्यक घोषित कर मिलने वाली सभी सुविधाएं देने, सिंधी साहित्यकारों, कलाकारों एवं लेखकों को पदमभूषण देने, सिंधी भाषा के उत्थान के लिए उसे रोजगार से जोड़ने, जो विद्यार्थी कक्षा 12वीं सिंधी में उत्तीर्ण करे उसे केन्द्र एवं प्रदेश सरकार सिंधी शिक्षक की नौकरी प्रदान करे, इस तरह केन्द्रीय विद्यालयों एवं प्रदेशों में रिक्त सिंधी शिक्षकों की पूर्ति संभव हो सकेगी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर सिंधी बुद्धिजीवियों द्वारा केन्द्र सरकार से की जा रही डिमांड फार सिंधी स्टेट इन भारत का समर्थन किया जाएगा।



### सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा

**दीपानी ने बताया कि सिंधी समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों जिसमें मृत्यु भोज को पूरी तरह से खत्म करने, पगड़ी रस्म के दिन चालू हुई भोजन की नई कुरीति को पूरी तरह से बंद करने, शादियों में आडम्बर एवं प्री-वेडिंग शूट खत्म करने पर जोर दिया जाएगा। इसके अलावा कई अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।**

### संतनगर से शामिल होंगे दो दर्जन

गोवा में आयोजित होने वाले सम्मेलन में जहां देश के विभिन्न प्रांतों से 200 प्रतिनिधियों ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है, वहीं संतनगर से राष्ट्रीय महासचिव सुरेश जसवानी, राष्ट्रीय कोशाध्यक्ष नरेश चोटरानी सहित दो दर्जन से अधिक गणमान्य नागरिक भी सम्मेलन में भाग लेंगे।

### सिक्स सिग्मा हेल्थ केयर ने दिल्ली में दिया पुरस्कार

# सेवासदन को मिला वर्ष का श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय पुरस्कार

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिक्स सिग्मा हेल्थ केयर संस्था ने दिल्ली में संतनगर भोपाल स्थित सेवासदन नेत्र चिकित्सालय को वर्ष का श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय पुरस्कार प्रदान किया है। पुरस्कार में एक ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र भेंट किये गये। सेवासदन नेत्र चिकित्सालय की ओर से यह पुरस्कार ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी और वरिष्ठ प्रबंधक कुशल धर्मानी ने प्राप्त किया। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को यह पुरस्कार मध्यभारत अंचल में उत्कृष्ट नेत्र सुरक्षा सेवाएं प्रदान करने के फलस्वरूप दिया गया है। पुरस्कार वितरण समारोह में एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी, दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज, सुविख्यात फिल्म और



टीवी कलाकार यशपाल शर्मा और मोटीवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर संस्थान द्वारा देश के जम्मू कश्मीर, उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर पूर्वी राज्यों के दुर्गम हाई अल्टीट्यूड पहाड़ी क्षेत्रों में आपदाग्रस्त नागरिकों और सैन्य दलों को एयर एम्बुलेंस की सहायता से हेल्थकेयर सेवाएं सुलभ कराता है। इस काम में डॉक्टर प्रदीप भारद्वाज और उनकी धर्मपत्नि डॉ. अनीता भारद्वाज सेवारत हैं। संस्था द्वारा देश के विभिन्न स्थानों पर स्थित सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की सेवाओं और गुणवत्ता का आंकलन करते हुए प्रतिवर्ष उन्हें पुरस्कृत/सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में नेत्र सुरक्षा के क्षेत्र में वर्ष 2023-24 का पुरस्कार सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को प्रदान किया गया है।

# हाथियों की कमी, पकड़े गए दो हाथी करेंगे बाघों की निगरानी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में हाथियों की कमी पूरी नहीं हो पा रही है। ऐसे में जिन उत्पाती हाथियों को पकड़ा जा रहा है उन्हीं से बाघों की निगरानी कराने की योजना है। हाल ही में प्रदेश में दो उत्पाती हाथियों को पकड़ा गया है। इन हाथियों को प्रशिक्षित किए जाने की योजना है ताकि इनका उपयोग मानसून गश्ती के दौरान बाघ, तेंदुए की निगरानी में किया जा सके। असल में रेस्क्यू के बाद बांधवगढ़ व कान्हा टाइगर रिजर्व को एक-एक हाथी मिले हैं। ये उत्पात मचाने वाले हाथी हैं। इनमें से एक को अनूपपुर वन मंडल से फरवरी में और दूसरे को शहडोल के उत्तर वन मंडल की जयसिंहनगर रेंज से मार्च के पहले सप्ताह में पकड़ा गया था जिस हाथी को अनूपपुर से रेस्क्यू किया उसे कान्हा टाइगर रिजर्व में प्रशिक्षित किया जाने लगा है। वहीं जयसिंहनगर से पकड़ा हाथी बांधवगढ़ में रखा जा रहा है। दोनों हाथियों को पकड़ने वाले दल में शामिल एक अधिकारी का कहना है कि पहले से मप्र को हाथियों की जरुरत है, रेस्क्यू किए गए हाथियों को प्रशिक्षित किया जा रहा ताकि हर साल जून में शुरू होने वाली मानसून गश्ती में उनकी मदद ली जा सके।



उल्लेखनीय है कि मप्र में बाघ व तेंदुए की संख्या तेजी से बढ़ रही है, इनकी निगरानी के लिए हाथियों की जरुरत है जो कि पर्याप्त नहीं है। कर्नाटक जैसे दूसरे राज्यों से हाथी लाने के लिए मप्र कई बार प्रयास कर चुका है। बीते वर्षों में कुछ हाथी लाए गए, लेकिन अभी जरुरत खत्म नहीं हुई है।



***इधर, हाथियों को छुड़वाने पीएमओ को लिखा पत्र:*** इधर, अनूपपुर व शहडोल से पकड़े गए दो में से एक हाथी को वापस जंगल में छुड़वाने के लिए बीते दिनों पीएमओ को पत्र लिखा गया था। यह पत्र छत्तीसगढ़ के वन्यप्राणी विशेषज्ञ नितिन सिंघवी ने लिखा था और कहा था कि हाथी जंगली है और उसे वापस जंगल में छोड़ा जाना चाहिए।

### निजी स्कूलों की मनमानी के आगे नतमस्तक स्कूल शिक्षा विभाग

# एक माह बाद भी स्कूलों ने पोर्टल पर अपलोड नहीं की फीस व पाठ्यक्रम की जानकारी

## अब तक राजधानी के 321 स्कूलों में से सिर्फ 13 स्कूलों ने दी जानकारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी जारी है और स्कूल शिक्षा विभाग इन स्कूलों के सामने नतमस्तक नजर आता है। हालात यह हैं कि शासन के आदेश के बाद भी निजी स्कूल नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। एक माह बाद भी निजी स्कूलों ने फीस, पाठ्यक्रम और किताबों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज नहीं कराई है। भोपाल में 321 स्कूलों में से सिर्फ 13 स्कूलों ने जानकारी अपलोड की है। जबकि स्कूलों में नए सत्र के प्रवेश को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। ऐसे में फिर से इस साल अभिभावकों को निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदनी पड़ेगी।

### यह है पूरा मामला

दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग ने आठ फरवरी को आदेश जारी कर प्रदेश में फीस विनियमन अधिनियम 2020 कानून का पालन करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत प्रदेश के निजी स्कूलों से फीस, पाठ्यक्रम और किताबों की जानकारी मांगी गई थी, लेकिन स्कूलों ने जानकारी अपलोड नहीं की है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) 2017 एवं नियम-2020 लागू कर चुका है। जिसके तहत निजी स्कूलों को विगत तीन वर्षों (2020-21, 2021-22, 2022-23) के बजट की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। बैलेंस शीट, प्राप्ति एवं भुगतान पत्रक, आय-व्यय शेड्यूल सहित अंकेक्षण प्रतिवेदन शामिल होंगे। इसके बाद संबंधित विषयों के पालन में निजी स्कूलों द्वारा 100 रूपये के गैर न्यायिक स्टांप पेपरों पर आवश्यक वचन पत्र भी अपलोड करना होगा।




### डीईओ को शिकायत आने का इंतजार, जिला स्तरीय समिति भी गठित नहीं

वहीं दूसरी ओर हर साल कलेक्टर की ओर से आदेश जारी किए जाते हैं, लेकिन डीईओ आदेश का पालन नहीं करते हैं। डीइओ अभिभावकों की ओर से शिकायतों का इंतजार कर रहे हैं और निजी स्कूलों का मनमानी जारी है। जबकि डीइओ को निजी स्कूलों से पाठ्यक्रम और फीस संबंधित पूरी जानकारी लेकर निरीक्षण किया जाना था। मामले में इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की जानी थी, लेकिन अब तक कोई जिला स्तरीय समिति गठित नहीं हो सकी है। न ही स्कूलों पर कोई शिकंजा नहीं कसा जा रहा है।

# सीएए कानून से नागरिकता पर आंच नहीं- भाजपा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने दशकों से लंबित नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू करने को मप्र भाजपा ने पीएम नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी पूरी होना बताया है। प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि देश में सीएए के लागू होने से किसी की नागरिकता पर कोई आंच नहीं आएगी। इस कानून से अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक आधार पर वर्षों से प्रताड़ित और 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में शरण मांगने वाले हिंदू, बौद्ध, सिख, ईसाई, जैन और पारसी भाई-बहनों को नागरिकता मिलेगी।

शर्मा ने कहा कि सीएए तीन देशों के 6 अल्पसंख्यक समुदाय को नागरिकता का अधिकार देने का कानून है। सीएए लागू होना केंद्र सरकार का एक और ऐतिहासिक निर्णय है। यह मानवता के कल्याण का कार्य है, क्योंकि इसके लागू होने के बाद पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित अल्पसंख्यक नागरिकों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी, जिन लोगों ने 31 दिसंबर 2014 तक भारत में शरण ली थी। सीएए लागू होने से शरणार्थियों के सांस्कृतिक व सामाजिक पहचान की रक्षा होगी।

### राजधानी का पहला संस्थान

# केन्द्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय को मिली चार वर्षीय आईटीईपी की मान्यता

### 12 कक्षा के बाद छात्र ले सकेंगे दाखिला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थी चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) में दाखिले ले सकेंगे। कोर्स के लिए विश्वविद्यालय को एनसीटीई से मान्यता प्राप्त हो चुकी है। विवि ने इस कोर्स के लिए 31 मई को आवेदन किया था। बता दें यह पाठ्यक्रम 4 वर्षीय होगा जिसे स्टूडेंट्स 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्रवेश ले सकेंगे। अभी तक अयर्थी पहले ग्रेजुएशन कोर्स करते थे और इसके बाद दो वर्षीय बीएड कोर्स में दाखिला लेते हैं। अब आईटीईपी पाठ्यक्रम के आने से अयर्थी 4 साल में ही प्राइमरी टीचर बनने की योग्यता हासिल कर लेंगे। यह कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शुरू किया गया है। इस कोर्स में विद्यार्थी 12वीं कक्षा के बाद प्रवेश ले सकेंगे। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. रमाकान्त पाण्डेय ने बताया कि परिसर में पहले से प्री शास्त्री (11वीं-12वीं), शास्त्री (बीए), आचार्य (एमए), शिक्षाशास्त्री (बीएड), शिक्षाचार्य (एमएड) व विद्या वारिधि (पीएचडी) कोर्स कराए जाते हैं। इन कोर्स में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। अब विश्वविद्यालय से विद्यार्थी टीचर एजुकेशन प्रोग्राम की डिग्री भी ले सकेंगे।

# मैनिट में होगी 89 पदों पर भर्ती, आवेदन 31 मार्च तक कर सकेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (मैनिट) ने फैकल्टी रिक्रूटमेंट के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फैकल्टी के 89 पद हैं। इसमें लेवल-10 व लेवल-12 के असिस्टेंट प्रोफेसर के ग्रेड-2, ग्रेड-1 के लिए वैकेंसी है। लेवल-1302 स्तर के एसोसिएट प्रोफेसर और लेवल-14ए लेवल के एसोसिएट प्रोफेसर की वैकेंसी निकाली है। इसके अलावा एसोसिएट प्रोफेसर के 9 और प्रोफेसर के लिए 15 पद हैं। इन सभी वैकेंसी में से 2 पद दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए रिजर्व हैं। जिसमें बैकलॉग भी शामिल है, असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड-2 के लिए 60 वैकेंसी है। आवेदन की आखिरी तारीख 31 मार्च है।

# 700 प्रोफेसरों को अब तक पदनाम नहीं, फाइलें धूल खा है रही

### असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर आला अधिकारियों और विभागीय मंत्री के सामने रख चुके हैं मांगें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के करीब 700 प्रोफेसरों को अब तक पदनाम नहीं दिया गया है और कई सालों से परेशान हो रहे हैं। मामले की फाइल अधिकारियों की टेबिल पर धूल खा रही है। इस लेटलतीफी से प्रोफेसर काफी नाराज हैं। इस संबंध में असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर कई अधिकारियों और विभागीय मंत्री के सामने अपनी मांगें रख चुके हैं।

दरअसल, यूजीसी ने असिस्टेंट प्रोफेसर को चार, एसोसिएट प्रोफेसर छह और प्रोफेसर को आठ पीएचडी की सीटें आवंटित करने का नियम जारी कर रखा है। वहीं विभाग असिस्टेंट को एसोसिएट और एसोसिएट को प्रोफेसर को पदनाम आवंटित कर देगा तो उनके पास दो-दो सीटों की बढ़ोतरी हो जाएगी। इस हिसाब से प्रदेश के 700 प्रोफेसरों से सभी आठ पारंपरिक विवि में करीब 1400 सीटों की बढ़ोतरी हो जाएगी। रिसर्च वर्क बढ़ने से प्रदेश को यूजीसी की तरफ से करोड़ों रुपए का अनुदान तक मिल सकता है। यहां तक कॉलेज और विश्व विद्यालय की नैक अग्रेडेशन की श्रेणी में सुधार तक हो सकता है।



### रिसर्च वर्क में बढ़ोतरी होगी

असिस्टेंट से एसोसिएट, एसोसिएट से प्रोफेसर बनने से प्रोफेसर के एजीपी में सिर्फ एक हजार की बढ़ोतरी हो जाएगी। इससे उनके वेतन आवंटित करने में शासन को ज्यादा वित्त खर्च नहीं उठाना होगा। उनके वेतन में दो से तीन हजार रुपए की मात्र बढ़ोतरी होगी, लेकिन उन्हें पदनाम मिलने से रिसर्च वर्क में भी काफी बढ़ोतरी होगी।

# भोज ने 15 तक बढ़ाई एडमिशन की तारीख

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय में अंडर ग्रेजुएशन (यूजी) व पोस्ट ग्रेजुएशन (पीजी) में प्रवेश के लिए एक बार फिर तारीख बढ़ाई गई है। छात्र अब 15 मार्च तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। भोज विवि में इस साल एमबीए और एमबीए (मटेरियल मैनेजमेंट), एमसीए, बीएससी (डेटा साइंस) बीएससी (सायबर सिक्योरिटी) के अलावा स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों मैनेजमेंट लाजिस्टिक एवं सप्लाई चैन, सायबर सिक्यूरिटी कोर्स भी शुरू किए गए हैं।






**मेट्रो एंकर**

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति में किया इस मॉडल को शामिल

# नए सत्र से बदलेगा स्कूली शिक्षा का स्वरूप सिंगापुर मॉडल पर बच्चों को बनाएंगे उद्यमी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नए शिक्षा सत्र में स्कूल शिक्षा का स्वरूप बदला हुआ नजर आएगा। छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ हुनरमंद भी बनाया जाएगा। इसके लिए छठवीं से आठवीं कक्षा के बच्चों को जीवन कौशल के गुर सिखाए जाएंगे। केंद्र सरकार स्कूली शिक्षा में कौशल विकास का पाठ्यक्रम तैयार करने में सिंगापुर के कौशल विकास मॉडल को अपनाने जा रही है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा छह से कौशल विकास को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। केंद्र के आदेश के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने भी प्रदेश में तैयारी शुरू कर दी है। राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) द्वारा इसके लिए अलग से पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा। पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए प्रदेश में स्टेट क्रेडिट फ्रेमवर्क का गठन किया जा रहा है। अभी तक दसवीं-बारहवीं या कॉलेज के छात्र-छात्राओं को ही कौशल विकास की शिक्षा दी जाती थी। इसका लाभ स्कूल में पढ़ने वाले करीब 60 लाख बच्चों को मिलेगा।



### यह है उद्देश्य

छठवीं कक्षा से कौशल विकास की शिक्षा देने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शुरूआत से स्वरोजगार के प्रति जागरुक करना है। अधिकारियों ने बताया कि आज के दौर में पढ़ाई करने के बाद बच्चे अपना पुश्तैनी धंधा छोड़ नौकरी की तलाश में बेरोजगार घूम रहे हैं। यदि उन्हें शुरू से कौशल की शिक्षा दी जाएगी तो वे उसके महत्व को समझ सकेंगे। अभी तक प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत दसवीं और बारहवीं या फिर बीच में ही स्कूल छोड़ने वाले छात्र-छात्राओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाता था। अभी तक योजना के अंतर्गत 50 हजार उम्मीदवारों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा छठवीं से आठवीं तक के बच्चों को कौशल विकास की शिक्षा दी जाना है।

## सुविचार

खुद में झांकने के लिए
जिगर चाहिए
वरना दूसरों की शिनाख्त में
तो हर शख्स माहिर है।
-अज्ञात

## संपादकीय

# रोजगार की एक तस्वीर यह भी

रोजगार व मोटी कमाई के झांसे में आकर युध्दग्रस्त देशों में जाकर कई भारतीय युवाओं ने बड़ी आफत मोल ले ली है। रूसी सेना में भर्ती कराए गए भारतीय युवाओं का ऐसा मामला उजागर होने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। जांच एजंसियां जगह-जगह छापे मार कर पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि अब तक कितने ऐसे भारतीय युवाओं को धोखे से रूस भेजा गया है और वहां की सेना में भर्ती कर यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में तैनात किया गया है। मगर यह स्थिति एक ऐसी वजह की तरफ भी इशारा कर रही है,जिस पर गौर किया जाना चाहिये। यह हालात इसलिये भी बनी है क्योंकि अपने देश में इन युवाओं को उनके हुनर के मुताबिक काम के अवसर उपलब्ध नहीं हैं। जिन्हें काम मिल भी जाता है, उन्हें गुजारे लायक पैसा भी बड़ी मुश्किल से मिलता होगा। मगर सरकार का दावा है कि बेरोजगारी की दर लगातार घट रही है। स्टार्टअप, मेक इन इंडिया जैसे कार्यक्रमों से युवाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। बावजूद यदि ऐसा ही होता, तो शायद इतने सारे युवाओं को रूस जाकर जोखिम वाली स्थितियों में काम न करना पड़ता। बहरहाल अभी तक इसका वास्तविक आंकड़ा पता नहीं चल सका है, मगर सीबीआइ की जांच में खुलासा हुआ है कि कई एजंसियों ने बड़ी संख्या में भारतीय युवाओं को छात्र वीजा पर रूस भेजा और वहां उन्हें सेना में सहायक के रूप में तैनात कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि यह मामला तब सामने आया है, जब वहां से कुछ युवाओं के मारे जाने की खबरें आईं। अब सरकार उन एजंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और धोखे से रूस भेजे गए भारतीय युवाओं को मुक्त कराने का प्रयास कर रही है। यह दोनों ही एक्शन बहुत जरूरी हैं और इनमें किसी तरह की देरी न हो। हालांकि यह कोई पहली घटना नहीं है, जब युवाओं ने रोजगार की तलाश में दूसरे देश का रुख किया। पिछले वर्ष एजेंटों की मदद से चोरी-छिपे अमेरिकी सीमा में प्रवेश करने की कोशिश करते कई नौजवान मारे गए थे। करीब दो महीना पहले ही जब इजराइल ने भारत से मजदूरों की मांग की और उप्र,हरियाणा, राजस्थान आदि की सरकारों ने वहां जाने के लिए युवाओं की भर्ती खोली, तो भीड़ उमड़ पड़ी। भारतीय युवाओं में विदेश जाकर नौकरी करने की ललक कुछ अधिक देखी जाती है। यही वजह है कि ब्रिटेन, कनाडा आदि ऐसे देशों में जाने के लिए युवा और उनके परिजन मुंहमांगी रकम देने को तैयार नजर आते हैं, जहां जाना आसान और रोजगार के अवसर अधिक हैं। मगर गलत तरीके से रूस भेजे गए युवाओं के मामले से एक बार फिर रेखांकित हुआ है कि यह केवल विदेश जाकर नौकरी करने और बस जाने की ललक का मामला नहीं है। दुनिया के बहुत सारे देश जानते हैं कि भारत में श्रम सस्ता है, इसलिए भी वे भारतीय नौजवानों को अपने यहां काम का मौका देते हैं। फिर भारतीय युवा जब विदेश में मिलने वाले मेहनताना की तुलना भारत में मिलने वाले मेहनताने, वेतन, भत्तों आदि से करते हैं, तो उन्हें बहुत कम समय में अधिक बचत नजर आती है। हालांकि नौकरी आदि के लिए विदेश जाने वालों के लिए पंजीकरण कराने का प्रावधान है, ताकि सरकार के पास उन लोगों को आंकड़ा रहे। मगर फिर भी बहुत सारे युवा नियम-कायदों के मुताबिक काम न मिल पाने की वजह से एजेंट के जरिए दूसरे देशों में प्रवेश कर जाते हैं। वहां उन्हें तरह-तरह की प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। लिहाजा ताजा मामला यह बोध कराने के लिये पर्याप्त है कि तमाम आंकडो व दावों के बाद भी रोजगार के क्षेत्र में हालात बहुत बेहतर नहीं हो पा रहे हैं।

## आज का इतिहास

- 1992 - मारिशस गणराज्य घोषित।
- 1993 - मुंबई में कई बम धमाकें हुए और उनमें 300 लोग मारे गए और सैकड़ों से अधिक घायल हो गए।
- 1998 - प्रथम टर्बोनेट इंजन निर्माता हेन्स जोशिम पाबस्ट वान ओहेन का निधन।
- 2003 - सर्बिया के प्रधानमंत्री जोरान जिनजिब की बेलग्रेड में हत्या।
- 2004 - दक्षिण कोरियाई संसद में महाभियोग पारित होने के बाद राष्ट्रपति रोह मू हुन पद से निलम्बित, लाहौर में दसवाँ दक्षेस लेखक सम्मेलन प्रारम्भ।
- 2006 - ईराक में सद्दाम हुसैन के विरुद्ध मुकदमे की सुनवाई प्रारम्भ।
- 2007 - जमैका में 9वें विश्वकप क्रिकेट का उद्घाटन हुआ।
- 2008 - पुदुचेरी के उपराज्यपाल मुकुट मिथी ने अपने पद से इस्तीफा दिया। केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने नागालैण्ड में राष्ट्रपति शासन हटाने का निर्णय लिया।
- **अमेरिकी** वायुसेना ने विश्व के पहले स्टील्थ लड़ाकू विमान एफ-117 को अपने बेड़े से हटाया। विश्व की सबसे लम्बी आयु की समझी जाने वाली महिला वारवा सेमेनिकोवा का रूस में 117 वर्ष की आयु में निधन।
- 2009 - वायुसेना में आपरेशंस निदेशालय के पहले महानिदेशक के तौर पर एयर मार्शल डी. सी. कुमारिया ने कार्यभार सम्भाला।
- 2018 - नेपाल के त्रिभुवन अन्तर्राष्ट्रीय विमानक्षेत्र में यूएस-बांग्ला एयरलाइन्स का विमान दुर्घटनाग्रस्त, कम से कम 51 लोगों की मृत्यु।
- 1913 - यशवंतराव चव्हाण, भारतीय राजनीतिज्ञ।
- 1927 - रॉल अलफोन्सिन - अर्जेंटीना के राष्ट्रपति थे।
- 1984 - श्रेया घोषाल, भारतीय गायका।
- 1962 - एस. दामोदरन (समाजिक कार्यकर्ता) - तमिलनाडु के प्रसिद्ध समाजिक कार्यकर्ता हैं।
- 1950 -हरमोहिन्दर सिंह बेदी - हिंदी लेखक, एक शिक्षाविद और भारतीय राज्य पंजाब के अकादमिक प्रशासक हैं।
- 1911 - दयानंद बांदोदकर - भारतीय राज्य गोवा के भूतपूर्व प्रथम मुख्यमंत्री थे।

## निशाना

### ना खाया है कुछ भी !



- कृष्णेन्द्र राय

रुक रुक कर छापेमारी ।
पकड़ रही है ज़ोर ।।
क्या करें क्या ना करें ।
है चिंता घनघोर ।।
है देना जवाब भी ।
नहीं रहे वो डर ।।
आओ चाहे ऑफिस ।
या मिल लो घर ।।
आ रहे बयान अब ।
सामना है करना ।।
ना खाया है कुछ भी ।
सीखा भूखो रहना ।।
देख लें इतिहास हमारा ।
अब तक इमानदार ।।
लाख करें ज्यादती ।
हम ही असरदार ।।

# मोदी की नयी क्रांतिकारी सामाजिक संहिता

■ अज़ातशत्रु





विश्व की सभी सभ्यताओं, धार्मिक समूह एवं समाज अपनी अपनी सामाजिक संहिता का निर्माण करता है,जो कि उनकी आवश्यकताओं, धार्मिक मूल्यों, सामाजिक आर्थिक एवं भौगोलिक स्थितियों पर निर्भर करती है। विगत शताब्दियों में इस संहिता के बदलावों में वैज्ञानिक आविष्कारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। सामाजिक संहिता के परिवर्तनों का सबसे अच्छा उदाहरण यूरोप है,जँहा पंद्रवि शताब्दी तक वैटिकन चर्च का पूर्ण नियंत्रण था लेकिन प्रिंटिंग प्रेस के अविष्कार ने स्थितियों को बदलना शुरू किया तथा बाद में कृषि क्रांति,औधयोगिक क्रांति और विश्व युद्धो ने यूरोप का पूर्ण सामाजिक परिवर्तन कर दिया।

जब हम भारत की बात करते हैं तो चूंकि भारत में बहुत सारे धार्मिक समूह हैं और सबकी अपनी सामाजिक संहिता है,ऐसी स्थिति में हम बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय की बात करेंगे।हिन्दू धर्म के आलोचकों एवं असहमत कर्ताओं को सबसे बड़ी शिकायत ÷मनुस्मृति÷से है।उनका मानना है कि मनुस्मृति हिंदुओंका एकमात्र ग्रंथ है व यह समाज के संचालन की न्याय संहिता है जैसे की कुछ अन्य धर्मों में है।वास्तव में हिन्दू धर्म का मूल स्त्रोत ÷सनातन धर्म÷है जो कि अंग्रेज़ी के ÷रिलिजन÷ शब्द से बिल्कुल ही अलग है।सनातन धर्म की व्याख्या अनगिनत ऋषि मुनि,बुद्धिजीवियों ने की है।वर्तमान समय में भी अनगिनत व्याख्याएँ की जा रही हैं जिनमे सबसे महत्वपूर्ण स्वामी विवेकानंद,डा. राधाक्रशनन आदि की है।इसी तारतम्य में हाल ही में मद्रास उच्चन्यायालय की न्यायाधीश जस्टिस अनिता सुमंथ द्वारा किशोर कुमार विरुद्ध पी के सेकर बाबू में 107 पन्नो के पारित निर्णय बहुत ही महत्वपूर्ण है।इस निर्णय में माननीय न्यायाधीश ने यह निर्णीत किया तहै कि भारत के प्राचीन ग्रंथो में सनातन धर्म में जाति व्यवस्था नहीं थी बल्कि वर्ण व्यवस्था थी जो की व्यवसाय आधारित थी,और यह व्यवस्था जन्म आधारित नहीं थी।आम आदमी व्यवसाय परिवर्तित कर वर्ण परिवर्तित कर सकता था,वर्ण व्यवस्था को वर्तमान जाति व्यवस्था के लिए ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। माननीय न्यायाधीश ने अपने आदेश में यह भी वर्णित किया है की शताब्दियों पूर्व वर्ण व्यवस्था समाज के सुचारू पूर्ण संचालन के लिये बनाया गया था जँहा व्यवसायों की पहचान समाज की आव्यशक्ताओ के लिये की गयी थी।इस आदेश में मनुस्मृति को हिन्दू धर्म का एक मात्र ग्रंथ मानने से इंकार किया है क्यूँकि एक तो इस ग्रंथ की विश्विनियता प्रश्नवाचक है और यह कब लिखी गयी,किस परिप्रेक्ष्य में लिखी गयी इस बावत कोई जानकारी नहीं है। माननीय न्यायाधीश ने अपने आदेश की समाप्ति स्वामी विवेकानंद के उस प्रसिद्ध कोटेशन से की है जिसमें उन्होंने हिन्दू धर्म के सम्बंध में कहा था कि "Enough!There has been enough of criticism,there has been enough of fault-finding.The time has come for the rebuilding,the reconstructing,the time has come for us to gather all our scattered forces,to concentrate them into one focus,and through that,to lead the nation on its onward march,which for centuries almost,has been stopped.The house has been cleansed,let it be inhabited anew."

स्वामी विवेकानंद का कहना सही था की हिन्दू समाज का विकास मध्य काल में विदेशी शासकों के कारण अवरुध हो गया था,फलस्वरूप इस काल में जो कुछ कुरीतियाँ आयीं वो शासकों के समर्थन ना मिलने के कारण कुछ लोगों के स्वार्थ वश दूर नहीं हो सकीं जो कि कुछ अर्थों में आज भी व्याप्त हैं, जिसमें सबसे दुखदायी वर्तमान जाति व्यवस्था है। अठ्ठाहरवि शताब्दी में मराठा शासकों ने कुछ प्रयास किया था,लेकिन उनका ज़्यादा समय युद्धों में निकल गया और वे हिन्दू समाज की सामाजिक संहिता में बहुत सुधार नहीं कर पाये।अंगरेजोंने 1857 के आंदोलन के बाद सामाजिक सुधार पर कोई विचार ही नहीं किया बल्कि इन विरोधाबसों का फ़ायदा लेने की और कोशिश की। स्वतंत्रता के पश्चात संविधान सभा और जन प्रतिनिधियों ने जाति व्यवस्था की कुरुतियो पर ज़रूर ध्यान दिया और इसको ख़त्म करने के लिए विभिन्न वैधानिक प्रावधान किये लेकिन यह बीमारी अभी तक पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हो सकी है।इसके समाप्त ना हो पाने के कई कारणो में महत्वपूर्ण कारण हैं कि एक तो समाज को को वैकल्पिक सामाजिक व्यवस्था नहीं दी गयी दूसरा आर्थिक रूप से कमजोर समूहों का आर्थिक सामाजिक उन्नयन नहीं हो सका जिससे वो समाज की मुख्य धारा में अभी तक नहीं आ पायें है।

इस परिपेक्षय में नरेंद्र मोदी का नयी सामाजिक जातियों की घोषणा एक बहुत ही क्रांतिकारी कदम है जो की स्वामी विवेकानन्द के विचारों के क्रियान्वयन को मूर्त रूप देना है। मोदी जी ने भारत के नये जाति समूह या वर्ण व्यवस्था की घोषणा करते हुए कहा की देश में नयी चार जाति हैं- 'गरीब,किसान,महिला एवं युवा।' चूँकि उपरोक्त चारों समूह वो समूह है जो की ह्यूमन डिवेलप्मेंट इंडेक्स में सबसे नीचे हैं,देश के सभी धर्मों के लोग हैं,विभिन्न तथाकथित जाति समूहों के लोग हैं।मोदी जी अपनी योजनाएँ का केंद्र इन्ही समूहों के सर्वांगीण विकास के लिए रख रहे है।यदि मोदी जी की इन चार जातियों में आपसी सामंजस्य और जागरूकता आ जाती है तो देश में धार्मिक और जातिगत संघर्ष पूर्णतया समाप्त हो जाएगा। अब सभी राज्य सरकारों,राजनीतिक दलों,सामाजिक संघटनों,मीडिया आदियों को इस नवीन सामाजिक संहिता को आगे बढ़ाने की ज़रूरत है,क्योंकि भविष्य का भारत मोदी जी की इसी क्रांतिकारी विचार से विकसित हो सकेगा।

यह लेखक के अपने विचार हैं।

# ऊर्जावान लोकतंत्र में अमर्यादित भाषा

■ मधुरेन्द्र सिन्हा



भारतीय राजनीति जिस मोड़ से गुजर रही है उसमें कीचड़ ज्यादा है और तथ्य कम हैं। हर तरफ से हर रोज कुछ न कुछ अनर्गल प्रलाप और सस्ती बातों के अलावा किसी राजनेता पर छींटाकशी आम बात हो गई है। कुंठित लोग जिनमें राजनीतिक नेता बड़े पैमाने पर हैं, किसी के भी बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने से नहीं चूकते। बहुत से तो इसमें अपनी शान समझते हैं और अपने को बड़ा समझने लगते हैं। कुछ तो जानबूझकर ऐसा कहते और करते हैं ताकि मुफ्त में पब्लिसिटी मिले। कई तो संसद और विधानसभाओं में भी अपनी कड़वी जुबान का इस्तेमाल करते हैं। भारतीय राजनीति में हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। दरअसल, कांग्रेस में बड़े पद पर रहने के बाद जब वह अलग हुए तो राजनीति में उनकी वह कीमत नहीं रही थी। इस कारण वे कुंठित होने लगे और यह कुंठा उनके व्यवहार और उनके बोल में साफ झलकने लगी।

यही भाव आज के उन ज्यादातर राजनीतिज्ञों में दिखता है जो कुंठा में जी रहे हैं। ऐसे ही नेता अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं। सत्ता से विमुख रहना या फिर उसे पाने के लिए किसी भी सीमा तक चले जाना, स्वाभाविक-सी बात है। कई राजनेता ईर्ष्यावश या दुर्भावना से भी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। वह खुद तो सत्ता में बने रहने के लिए कुछ भी बोलते हैं और जब विरोध करना होता है तो दूसरों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं। कुछ बड़े नेता अपने सलाहकारों की बातों पर चलते हुए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व रहा। जिन्होंने गुजरात में भाषण देते वक्त मर्यादा तोड़ दी और तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में मंच से कहा-मौत के सौदागर। इस अपशब्द से ऐसे शीर्ष नेताओं की छवि को ही नुकसान हुआ न कि नरेन्द्र मोदी को। सभी तरफ उनकी आलोचना हुई लेकिन ऐसे नेता बाज नहीं आए और बाद में भी उन्होंने मोदी पर ज़हर की खेती करने वाला बयान दिया। लेकिन इस मामले में राहुल गांधी कुछ आगे निकल गये। अपने को प्रेम की दुकान चलाने वाला कहने वाले राहुल ने तो वक्त-बेवक्त तल्ख शब्द कहे। उन्होंने तो बीजेपी और अन्य के लिए भी बहुत ही हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया। पिछले दिनों तो उन्होंने कहा जय श्रीराम कहो और भूखे मरो। यह उनके अंदर की खीझ को दिखाता है। अभी चुनाव में थोड़ा वक्त है तो आने वाले समय में क्या-क्या बयानबाजी होती है, कहना मुश्किल है क्योंकि इन दिनों उनके सलाहकार हैं बड़बोले जयराम रमेश जो खुद भी अक्सर हल्की भाषा का इस्तेमाल करते हैं।

कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। उन्होंने पीएम मोदी के लिए बहुत ही सस्ते शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने तो नीच, कातिल जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया था जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कांग्रेसियों की तो सूची काफी लंबी है। चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम और प्रियंका गांधी। सभी ने मौका देखकर बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया जिससे उनकी खीझ का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने करोड़ों समर्थकों के सामने इन शब्दों और उन्हें बोलने वालों के खिलाफ माहौल बना दिया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है।

लेकिन ऐसा नहीं है कि सिर्फ कांग्रेसी ही इस गंदे खेल में शामिल रहे। समाजवादी पार्टी, राजद, डीएमके वगैरह खुलकर अनर्गल भाषा का इस्तेमाल करते रहे। इन दिनों लालू यादव भी सुर्खियों में हैं। उन्होंने पीएम मोदी की मां के निधन के बाद हल्की बातें कीं। खासकर उनके परिवार को लेकर जिसे अब मोदी ने एक पॉजिटिव मुद्दा बना दिया। ठीक उसी तरह जैसे चौकीदार वाला मुद्दा बना था। डीएमके वाले उदयनिधि और ए. राजा तो राम के खिलाफ ही बोलने लगे। उनके मन में बीजेपी ही नहीं राम तक के लिए भी घृणा का भाव है क्योंकि इस समय वे लोग अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्हें सत्ता हाथ से निकलती दिखती है। ऐसा नहीं है कि ऐसे बोल सिर्फ विपक्षी ही बोलते हैं। सनातनी और बीजेपी के लोग भी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। बाबर की औलादों वाला अपशब्द याद है न? इस तरह के कई अल्फाज उधर से भी इस्तेमाल हुए हैं। 'पाकिस्तान चले जाओ' जैसे बोल तो आम हो गये थे। सत्ता में रहने वाले थोड़ा संयत हो जाते हैं फिर भी कोई न कोई कुछ बोलता रहता है।

सवाल यह है कि यह कब तक चलता रहेगा? क्या भारत के छोटे-बड़े नेता इस लोभ को संवरण कर पायेंगे या अपनी कुंठा से बाहर निकलेंगे। सत्ता से बाहर रहने पर आक्रोश और कुंठा स्वाभाविक है। हमने यह देखा है और उन नेताओं को भी जो सोचते हैं कि ऐसा बोलकर वे लोकप्रियता बटोर लेंगे। लेकिन सच्चाई यह है कि अब जनता पढ़ी-लिखी है और दूसरी बात यह भी है कि यह सोशल मीडिया का जमाना है। अनर्गल और असभ्य किस्म की बातें करने वालों को वहां से तुरंत जवाब मिल जाता है। सोशल मीडिया के खिलाड़ी भी दोनों ओर हैं और अक्सर अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते दिखाई देते हैं। कई पुलिस के हत्थे भी चढ़ जाते हैं और कुछ जेल भी पहुंच जाते हैं। लेकिन बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कोई सफलता दिलायेगा या फिर बोलने वालों को यह देश असभ्य करार देगा?

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# विश्व उपभोक्ता दिवस 15 मार्च को व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

विश्व उपभोक्ता दिवस 15 मार्च को व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सर्वसंबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे उक्त कार्यक्रम में अपने-अपने विभाग से संबंधित की गई एवं की जा रही गतिविधियों से संबंधित प्रदर्शनी एवं पोस्टर बैनर लगाया जाना सुनिश्चित करें। इस कार्य में सक्रिय स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनो की सहभागिता एवं उपभोक्ताओं की तथा स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं की भागीदारी तथा उपभोक्ता हिता में की जा रही गतिविधियों का समयोजन करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर सुश्री मीना ने बताया है कि जिला स्तर पर विश्व उपभोक्ता दिवस 15 मार्च को प्रात- 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष नर्मदापुरम में आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में उपभोक्ता जागरूकता विषयों पर प्रश्नोत्तरी संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रदर्शनी, लघु फिल्म, वीडियो स्पॉट, पोस्टर बैनर, प्रश्न मंच का आयोजन किया जाएगा।

### मेला में पार्षदों के द्वारा की गई कथित काला बाजारी की उच्च स्तरीय शिकायत करेगा मजदूर संघ

# सीएमओ के अपमान को लेकर पुलिस कार्रवाई संदेह के दायरे में : वर्मा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नपा कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया है कि इस बार रामजी बाबा मेला में दुकान आवंटन में नगरपालिका के पार्षदगणों, पार्षद पति के द्वारा चार हजार की दुकान पर चौदह हजार कि कालाबाजारी की गई जो दुकान बिकी नहीं उनकी रसीद निरस्त करके नगरपालिका के कोष में जमा हो चुकी राशि वापस लेने का प्रयास किया जा रहा है. पांच हजार से लेकर बारह हजार तक की दुकान रसीद कटने के बाद निर्दलीय पार्षद के द्वारा कर्मचारियों को जारी रसीद का भुगतान आज तक नहीं किया गया है. यह संबंधित राशि कर्मचारियों के द्वारा गबन के आरोप व निलंबन कि कार्यवाही से बचने के लिए स्वयं नगरपालिका के कोष में जमा कि गई है. दरअसल जारी रसीद कि बकाया राशि का भुगतान न करके दोषी पार्षद रंगदारी कर रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप कर्मचारी डरे हुए हैं क्योंकि अभी हाल ही में नगरपालिका के सीएमओ के साथ जो अपमान जनक घटना घटित हुई है उस पर पुलिस प्रशासन कि कार्यवाही भी संदेह के घेरे में है।



मेला दुकान आवंटन में जिन पार्षदगणों के द्वारा कालाबाजारी कि गई है उसकी मौखिक जानकारी से कर्मचारीगण अपने संबंधित अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं. ऐसे पार्षद जिन्होंने जारी की गई रसीद का पैसा जमा नहीं किया है वह मजदूर संघ के निशाने पर हैं. नगरपालिका कि ढुलमुल नीति व रवैया के कारण अगले वर्ष मेला व अभी आने वाले दीपावली पर्व पर कर्मचारीगण दुकान आवंटन कार्य में रसीद जारी करने के काम का बहिष्कार करेंगे जिसका समर्थन मजदूर संघ भी करता है।

मजदूर संघ नगरपालिका अध्यक्ष व सीएमओ से अपेक्षा करता है कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की कमजोरी नहीं ताकत बने और जारी कि गई रसीद का बकाया राशि का भुगतान करने के लिए संबंधित पार्षद से कहे और निपटारा करवाये. चेतावनी देते हुए मजदूर संघ भी संबंधित पार्षद से निवेदन करता है कि उक्त आर्थिक मामलों का निपटान यथाशीघ्र करे यदि इस संबंध में मजदूर संघ के द्वारा कार्यवाही कि जाती हैं तो उसके जो भी दुष्परिणाम सामने आयेंगे उसका संपूर्ण दायित्व संबंधित पार्षद का रहेगा।

### रबी उपार्जन के समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश

# गेहूं उपार्जन के लिए किसान अब 16 मार्च तक करा सकते हैं, अपना पंजीयन

### गेहूं उपार्जन पर किसानों को अब प्रति क्विंटल 125 रुपए बोनस दिया जाएगा



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सोमवार को कलेक्टर कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में रबी उपार्जन की तैयारी एवं लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की संभागीय समीक्षा बैठक अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्?य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अध्यक्षता में वर्चुअली आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य सचिव द्वारा रबी उपार्जन में नवीन प्रावधान एवं गेहूं उपार्जन अवधि तथा एमएसपी के संबंध में समस्त जिलों को अवगत कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की कैबिनेट बैठक में उपार्जन संबंधी लिए गए निर्णय के आश्रय में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा किसानों को प्रति क्विंटल पर 125 रुपए का बोनस प्रदान किया जाएगा जिसके बाद गेहूं का समर्थन मूल्य अब 2400 प्रति क्विंटल हो जाएगा।

उन्होंने कहा है कि प्रत्येक जिले उपार्जन के समय उपार्जित स्कंध की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें एवं उपार्जन केंद्रों पर छन्ना,पंखा, ग्रेडर मशीन, तथा मॉइश्चर मीटर की उपलब्धता अनिवार्यता से सुनिश्चित करें। उपार्जन के दौरान उपार्जित स्कंद की गुणवत्ता जांच के लिए प्रशिक्षित सर्वेयर अथवा प्रभारी को ही नामित किया जाए तथा उन्हें उस कार्य के लिए एक परिचय पत्र भी प्रदान करें।

उन्होंने उपार्जन संबंधी समस्या निराकरण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने के संबंध में निर्देशित किया। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा गोदाम में शेष भंडारित स्कंध तथा डीसीसी के लिए भंडारित स्कंध की भी विस्तार से समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को उत्काशय के संबंध आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत सहित भारतीय खाद्य निगम, खाद्य, सहकारिता, कृषि, मंडी, नापतोल, एमपीएससी, एमपीडब्ल्यूएलसी, सीडीसी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सभी विभाग अपनी लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण तय समय सीमा के अंदर करे, समय सीमा में बैठक आयोजित

नर्मदापुरम. सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम एस एस रावत की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त विभागों को यह निर्देशित किया गया है कि उनके अंतर्गत आने वाली समस्त सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण तय समय सीमा के अंदर संतुष्टिपूर्वक किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ उन्होंने वेयरहाउसिंग, जनजातीय, शिक्षा, मंडी, आदि विभागों को लंबे समय से लंबित शिकायतों का निराकरण शीघ्र करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने समस्त विभागों को यह निर्देशित भी किया है कि निराकरण करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें की शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक हो। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा समग्र आईडी ई केवाईसी कार्य की विस्तार से समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है की योजना बनाकर उक्त कार्य को किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने रबी उपार्जन के संबंध में किसान पंजीयन का सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए भी संबंधित विभाग को निर्देशित किया। बैठक में डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



# प्राकृतिक खेती को अब उन्नत तकनीक से फायदे का सौदा बनाएं

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

परम्परागत खेती अब बीते दौर की बात हो जा रही है। नया दौर उन्नत तकनीक और प्राकृतिक खेती का है। जिले के किसानों ने इस व्यवहारिक तथ्य को समझा और प्राकृतिक खेती के तरीके से खेती की जाने लगी है। किसानों की प्रगतिशीलता और उद्यमशीलता को अवसर प्रदान करने के लिये हर जिले में आत्मा परियोजना संचालित की जा रही है। इस परियोजना के तहत जिले में सराहनीय काम हुआ है। प्राकृतिक खेती अपनाकर जिले के किसानों ने खेती को लाभा का धंधा भी बनाया है। इन्हें प्राकृतिक खेती के प्रसार उन्नत कृषि तकनीकों का इस्तेमाल करने एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान किया गया है। इसी प्रकार जिले में खेती के आलावा किसान उन्नत नस्लों के पशुपालन से अतिरिक्त आय अर्जित कि जा रही हे। जिले में प्रगतिशील किसानों को उन्नत कृषि तकनिक एवं स्व-सहायता समूहों को कृषि में विशेष प्रदर्शन के लिये प्रोत्साहन किया जायेगा। खेती-किसानी में किसानों को बड़े फायदे का सौदा बन गई है। किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया है। प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोगी है। इससे किसानों के एक पंथ दो काज पूरे हो रहे हैं।

### पर्यटन क्षेत्र में स्वच्छता मानकों को बढ़ाने ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम शुरू

# स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग अंतर्गत कलेक्टर ने सांची जनपद की 12 संस्थाओं को प्रदान किया प्रमाण पत्र

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

पर्यटन क्षेत्र में स्वच्छता मानकों को बढ़ाने के लिए भारत सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान से देश में आतिथ्य सुविधा जैसे रिसोर्ट, होमस्टे, धर्मशाला आदि में सुविधाओं के लिए स्वच्छता ''ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम'' शुरू किया गया है। ग्रीन लीफ रेटिंग के निष्पादन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष श्री अरविंद दुबे द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांची जनपद पंचायत के तहत आने वाली 12 संस्थाओं यथा रिसोर्ट, होमस्टे तथा धर्मशालाओं को स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय समिति की सदस्य सचिव जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया भी उपस्थित रहीं।



कलेक्टर दुबे द्वारा सांची जनपद के तहत यू टोपिया रिसोर्ट सांची, मगधम रिसोर्ट सांची, संघमित्रा रिट्रीट एण्ड रिसोर्ट सांची, श्री तारा हेरिटेज सांची, आराम बाग सांची, जैन धर्मशाला दीवानगंज, माता मंदिर धर्मशाला खण्डेरा, यात्री धर्मशाला बीदपुरा, यात्री धर्मशाला मेढ़की, होमस्टे झलकन कचनारिया, होमस्टे हीरालाल कचनारिया तथा होमस्टे मनोहर पाल शाहपुर को स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग अंतर्गत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा आतिथ्य सुविधा जैसे रिसोर्ट, होमस्टे, धर्मशाला इत्यादि में सुविधाओं के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत आतिथ्य शैली में कार्यरत इकायों को सुरक्षित रूप से प्रबंधित स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ ही इसे अपनाने में संवेदीकरण कार्य कर रही हैं। इसमें संस्थाएं स्वच्छता के प्रमुख घटकों जैसे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रवाटर प्रबंधन एवं मल कीचड़ प्रबंधन का सर्वे कार्य कर सुरक्षित रूप से प्रबंधित स्वच्छता के अनुरूप बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाते हैं। स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली के निष्पादन के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित की जाती है। जिसमें जिला पंचायत सीईओ सदस्य सचिव, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ सदस्य, जिला समन्वयक सदस्य तथा डीएटीसीसी एमपी टूरिज्म बोर्ड सदस्य होते हैं। संस्थाओं के सत्यापन हेतु संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में उप समिति भी गठित की जाती है। जिसमें संबंधित जनपद पंचायत सीईओ सदस्य सचिव, ब्लॉक समन्वयक सदस्य तथा डीएटीसीसी से नामांकित व्यक्ति सदस्य होते हैं।

# कलेक्टर ने की विभागीय गतिविधियों और सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा

**रायसेन , दोपहर मेट्रो**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री दुबे ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों तथा उनके निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए।



बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों के डाटा अपडेशन तथा फ्रीज किए जाने की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन संबंधी जो भी दायित्व सौंपे गए हैं, अधिकारी उनका पूरी निष्ठा और लगन से निर्वहन करें। कलेक्टर श्री दुबे ने मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना सहित कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संसाधन, पीएचई सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

**मेट्रो**

### प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 मार्च

# स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण: बेकरी, मसाला और बकरी पालन पर 3-3 दिवसीय 3 प्रशिक्षण


**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा स्थापित फूड प्रोसेसिंग इन्क्यूबेशन सेण्टर में इसी माह बेकरी और मसाला उद्योग पर आधारित तीन-तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। बेकरी उद्योग पर 18 मार्च से और मसाला उद्योग पर 21 मार्च से प्रशिक्षण शुरू होंगे। दोनों ही प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 मार्च है। जबकि पशुपालन विशेषकर बकरी पालन पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 मार्च है।

उक्त प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिए पूर्व पंजीयन आवश्यक है। 30-30 प्रतिभागियों के तीन बैच बनाकर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राजधानी के अरेरा हिल्स स्थित उद्यमिता भवन भोपाल में 18 से 20 मार्च तक बेकरी उत्पादों पर और मसाला उत्पादों पर 21 से 23 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। सशुल्क प्रशिक्षण में स्वरोजगार संभावनाओं, नियम-प्रक्रियाओं और शासकीय योजनाओं आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षणार्थियों को बेकरी उत्पादों में मुख्य रूप से बिस्किट, नानखटाई, पेस्ट्री, केक आदि के बारे में सिखाया जाएगा और मसालों पर आधारित प्रशिक्षण में सभी तरह के मसालों की पैकेजिंग, ग्राइडिंग आदि को लेकर प्रशिक्षित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी 14 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। जो युवा बकरी पालन पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हैं वे 20 मार्च तक पंजीयन कराकर 26 से 28 मार्च तक आयोजित प्रशिक्षण में सम्मिलित हो सकते हैं। प्रशिक्षण में अत्याधुनिक वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन कैसे करें, इस सम्बंध में विषय विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इच्छुक व्यक्तियों की जिज्ञासाओं का समाधान करने के साथ ही उन्हें आवश्यकतानुसार फील्ड विजिट भी कराया जाएगा।



इसी प्रकार बेकरी उद्योग अथवा मसाला उद्योग की स्थापना से सम्बंधित प्रशिक्षण में भी विषय विशेषज्ञों द्वारा अत्याधुनिक तरीके से व्यवसाय करने सम्बंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इच्छुक व्यक्तियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाएगा। बेकरी, मसाला अथवा बकरी पालन पर आधारित स्वरोजगार के इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9301389062 पर सम्पर्क कर सकते हैं। स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए उक्त तीनों प्रशिक्षण कार्यक्रम उपयुक्त बताए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक समय दोपहर भोजन का प्रबंध भी किया जाएगा।





# नवागत कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कार्य भार ग्रहण किया



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विदिशा जिले के नवागत कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने आज कार्य भार ग्रहण किया। निवर्तमान कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने विधिवत कार्य भार सौंपा है। नवागत कलेक्टर श्री वैद्य को गुलदस्ता भेंट कर जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट,अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। निवर्तमान कलेक्टर श्री भार्गव ने अधिकारियों का परिचय कराया है।

# वृद्ध महिला हुई गायब, खोजबीन में जुटी पुलिस



**सिरोंज।** सोमवार को थाने से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर से कलाबाई अहिरवार उम्र 75 साल निवासी मोहल्ला वार्ड नंबर 3 रेहदास पथ हाजीपुर की महिला घर पर किसी को कुछ बताएं बगैर चली गई है । परिवारजनों ने उनकी आसपास व अन्य जगह खोजबीन भी की पर कहीं कोई जानकारी नहीं मिली तो परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करके महिला की खोजबीन प्रारंभ कर दी है।

# मदन मोहन सरकार मंदिर पर नगर ब्राह्मण भोज



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर के सिद्ध चेतन्य दरबार श्री मदन मोहन सरकार मंदिर पर अमावस्या पर विधि विधान से सरकार की पूजन हुई आरती के बाद रात्रि में नगर ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया।

इसमें शहर के सभी ब्राह्मणों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की सरकार के दरबार में मन्नत पूरी हो जाने पर भक्तों के द्वारा भी भंडारा आदि करवाया जाता है। श्री मदन मोहन सरकार का सिद्ध दरबार मनोकामना पूर्ण करने के लिए प्रसिद्ध है यहां पर सुबह-शाम विशेष आरती होती है तथा प्रतिदिन अलग-अलग तरह के व्यंजन और पकवानों का भोग सरकार को लगाया जाता है।

## नगर पालिका ने 2041 रूपए लाभ का बजट किया पेश

# पतियों के आगे महिला जनप्रतिनिधियों को नहीं मिला बोलने का मौका !





**5 मिनट में सभी प्रस्ताव हुए पारित, खरीदी जाएगी स्वीप मशीन धूल से मिलेगी मुक्ति**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सोमवार को नगर पालिका परिषद में 2024-25 वित्तीय बजट की बैठक हुई जिसमें प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू लेखपाल मनीष नेमा के द्वारा संयुक्त रुप से बजट बनाए गया है 2014 रुपए का नाका बजट पेश किया आया जिसको परिषद की बैठक में ध्वनिमत से पास किया गया। नगर वासियों को धूल से मुक्ति दिलाने के लिए 50 लाख की लागत से स्वीप मशीन खरीदी जाएगी जिसके द्वारा मुख्य सड़कों की धूल को खींचने का काम किया जाएगा इस मशीन महानगरों में होती है पहली बार नगर परिषद भी इसका उपयोग होने से शहर वासियों को काफी हद तक धूल से राहत मिलेगी अभी धूल के कारण लोगों की हालत खराब होती है। गौमाता के लिए एक ओर गौशाला का निर्माण नगर पालिका परिषद के द्वारा किया जाएगा अभी आवारा मवेशियों के लिए बड़ी गौशाला एक ही हैं इसमें छमता से ज्यादा मवेशी होने के कारण दूसरे मवेशियों को नहीं रखा जा सकता इसलिए नवीन गौशाला का निर्माण करवाया, जितने भी पार्क नगरी क्षेत्र में उन सबकी हालत खराब हो गई उनको एक बार से व्यवस्थित रुप से इनका एक बार फिर निर्माण कराया जाएगा जहां पर सभी तरह की सुविधाएं होंगी, नगर वासियों को पानी की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए भी बड़ी राशि प्रावधान किया गया है , सीसी रोड़ निर्माण नाली नाला निर्माण के साथ छतरी नाके से लेकर कस्टम पथ तक डामरीकरण किया जाएगा। सामुदायिक भवन का निर्माण एवं पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा की प्रतिमा भी लगाई जाएगी। सकरी गलियों में कचरा वाहन पहुंच सके उसके लिए छोटे वाहन खरीदी जाएंगे छोटी फायर गाड़ी भी क्रय की जाएगी जाएगी । नगर पालिका के द्वारा जो बजट तैयार किया गया उसमें जिसमें अनुमानित आय 1,4223,29,673 तथा खर्च के रूप में 1,42,23,27,632 खर्चे तथा नगर पालिका को 2041 रुपए का लाभ के अर्जित का बजट पेश किया है।

### पार्षदों की सहमति के बाद ही ठेकेदारों को मिले भुगतान

इस बजट की बैठक में सभी पार्षदों ने एक राय होकर प्रस्ताव पास कि जिन ठेकेदारों के द्वारा जिन-जिन वार्डों में निर्माण कार्य करवाया जा रहे उनकी गुणवत्ता की जांच संबंधित पार्षद की सहमति के बाद ही भुगतान किया जाए जिसका प्रस्ताव पार्षद प्रतिनिधि तोषमणी पंथी ने रखा तो मौजूद पार्षदों ने हंसते हुए इस पर अमल करने पर जोर दिया यदि ऐसा होता है तो पार्षदों की सहमति की बगैर कोई भुगतान नहीं होगा तो पार्षदों की भी पूछ परख बढ़ जाएगी इसके अलावा पार्षद प्रतिनिधि नारायण सेन ने कहा कि नगर पालिका परिषद से दुकानों को लेकर दूसरे व्यक्ति को देने का काम जिन लोगों के द्वारा किया गया उनकी पहचान इनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुकान वापस ली जाए कम रेट पर दुकान लेकर महंगे दामों पर देने का काम किया गया क्योंकि कोटे से दुकान ले लेते हैं फिर खुद तो खोलते नहीं है पर दूसरों को देने का काम जरूर करते हैं ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए इस पर भी सभी ने सहमति दी पानी की समस्या को लेकर पार्षद प्रतिनिधि रूपेश यादव ने टैंक करो की मरम्मत की बात रखी रखी इस पर सीएमओ रामप्रकाश साहू ने कहा कि जल्दी ही नवीन पानी के टैंकर भी आने वाले हैं हमारे द्वारा पूरे इंतजाम भी किए गए हैं पानी की समस्या कहीं भी होती है तो तत्काल उसका निराकरण किया जाएगा पहली बार नगर पालिका परिषद की बैठक में किसी भी तरह का विवाद नहीं और शांतिपूर्ण तरीके से बैठक संपन्न करने का काम प्रभारी सीएमओ राम प्रकाश साहू के द्वारा किया गया जिसकी चर्चा भी हो रही है । ही है इन्होंने सभी को साधते हुए बजट की बैठक संपन्न ।

### अवैध रूप से लगे कनेक्शन काटे जाएंगे

नगर में बड़ी संख्यां अवैध कॉलोनी है उनमें अवैध रूप से नल कनेक्शन लगाने का काम नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों के द्वारा किया गया है । इन सभी अवैध कनेक्शन को काटने का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया है इससे पानी की बर्बादी तथा शासन को नुकसान की बात भी कहते हुए इस पर काम करने की बात सीएमओ ने कहीं दूसरी ओर बजट में कोई नया कर भी नहीं बढ़ाया गया है।

### उपयंत्री से बोले पार्षद साहब क्रिकेट मत खेलो कम कर दो

बैठक में पार्षद तथा पार्षद प्रतिनिधियों ने कहा कि है उपयंत्री नगर पालिका में काम नहीं की जा रहा है । बैठक में मौजूद उपयंत्री से पार्षद प्रतिनिधि बोले की क्रिकेट खेलने मत जाओ साहब आपका काम है नगर के हित में काम करने के लिए आपको वेतन दी जा रही है , ऐसा करना बंद कर दे नहीं तो हम लोगों को दूसरा कदम भी उठाना पड़ेगा।

### रमजान एवं नवरात्रि पर्व पर धार्मिक स्थलों की सफाई पर बोले पार्षद पति राजा मियां

पार्षद पति राजा मियां ने कहा की रमजान एवं नवरात्रि पर्व पर धार्मिक स्थलों के आस-पास की साफ सफाई करवाई जाये इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रमेश यादव, नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू, नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, मोजूद रहे।



### महिलाओं की आवाज को दबाया जा रहा है

नगर पालिका परिषद में 50 : अधिक संख्या में पार्षद महिला है जिनमें से पांच महिला ही बैठक में शामिल हुई थी उनमें से किसी भी महिला को एक शब्द बोलने का मौका भी इनके पतियों ने नहीं दिया इस वजह से सरकार के द्वारा महिलाओं को आरक्षण दिया जा रहा है । तथा महिला शशीकरण पर जोर दिया जा रहा है उसको भी धूमिल करने का काम इस तरह से महिलाओं की आवाज को दबाकर किया जा रहा है। जब महिलाओं को आरक्षण दिया जा रहा है तो उनके हक की बात उनको ही रखना दी जाए पर उन्हें बैठक में पहली बार तो शामिल नहीं किया जाता है यदि कर लिया जाता है तो हर बार उनका केवल एक ही काम होता है चाय नाश्ता करने के लिए ही बैठक में पहुंचती हैं । इसी तरह का नजारा इस बार भी देखने को मिला।

## प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम

# विधायक डॉ चौधरी व जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने देखा लाईव प्रसारण



**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सशक्त नारी - विकसित भारत कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा नई दिल्ली में नमो ड्रोन दीदियों द्वारा आयोजित कृषि ड्रोन प्रदर्शन देखा गया। देशभर में 10 अलग-अलग स्थानों से नमो ड्रोन दीदियों ने भी एक साथ ड्रोन प्रदर्शन में भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 1,000 नमो ड्रोन दीदियों को ड्रोन भी सौंपे। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक जिले में बैंकों द्वारा स्थापित बैंक लिंकेज शिविरों के माध्यम से रियायती ब्याज दर पर स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को लगभग 8,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण भी वितरित किए। साथ ही समूहों की दीदीयों से संवाद भी किया। सशक्त नारी - विकसित भारत कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन का रायसेन में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लाईव प्रसारण देखा व सुना गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन के उपरांत सांची विधायक डॉ चौधरी ने एनआईसी कक्ष में उपस्थित स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद करते हुए द्वारा संचालित की जा रहीं आजीविका संबंधी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली।

## पीएम सूर्य घर योजना में एक करोड़ घरों को मुफ्त बिजली

# तीन किलोवॉट के सौर संयन्त्र लगाने पर 78 हजार की मिलेगी सब्सिडी

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

केंद्र सरकार द्वारा देश के एक करोड़ घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है। लोगों को इस योजना का लाभ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने देना शुरू कर दिया है। इस योजना के अंतर्गत एक किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 30 हजार रूपये, दो किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवॉट या उससे ऊपर के सोलर संयन्त्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। यह सब्सिडी पहले से ज्यादा है। इसके लिए देशभर के एक करोड़ उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना से जोड़ने का लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।

इसी क्रम में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने जा रही है। इस नई योजना में अब एक किलोवॉट पर 30 हजार, दो किलोवॉट पर 60 हजार एवं तीन या उससे अधिक के सोलर प्लांट पर 78 हजार रूपये तक की सब्सिडी मिलेगी। गौरतलब है कि दिसम्बर-2023 की स्थिति में केन्द्र सरकार द्वारा प्रति किलोवॉट 14 हजार 588 रूपए की सब्सिडी दी जा रही थी जो कि जनवरी-24 में बढ़ाकर 18 हजार रुपए प्रति किलोवॉट कर दी गई थी। जिसे अब और बढ़ाकर दो किलोवॉट तक 30 हजार रुपए प्रति किलोवॉट कर दी गई है। इस तरह दिसंबर की तुलना में दिनांक 13 फरवरी 2024 के बाद लगने वाले दो किलोवॉट तक के सौर्य संयन्त्र पर मिलने वाली सब्सिडी 36 हजार रुपए के स्थान पर अब उपभोक्ता को 60 हजार रुपए की सब्सिडी मिलेगी।

# मंडी बाईपास रोड पर जाम ने मुसाफिरों को किया बेहाल



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सोमवार को तीन दिनों की छुट्टी के बाद आवक ज्यादा होने के कारण मंडी रोड पर जाम ने सभी को परेशान कर दिया वहीं इन दिनों कृषि उपज मंडी में भी आवक में वृद्धि हो गई है । इसकी जानकारी होने के बाद भी ट्रैफिक पुलिस ने यहां पर मौजूद रहना उचित नहीं समझा इनकी अनदेखी के कारण सभी को परेशानी हुई। दूसरी ओर तीन दिनों की छुट्टियों के बाद बाजार खुला था मंडी में भी खुली थी दूसरी ओर शराब दुकान के पास में अतिक्रमण तथा बड़े वाहन खड़े होने के कारण रात्रि में जमा के कारण आमजन से लेकर खास को परेशानियों का सामना करना पड़ा 1 घंटे तक वाहन चलने की जगह पर रेंगते हुए नजर आए इस जाम को खुलवाने के लिए यातायात पुलिस कर्मी भी नहीं पहुंचे इस वजह से काफी देर तक कड़ी मशक्कत के बीच ही वाहन चालकों को यहां से गुजरना पड़ा।

# गेंहू के समर्थन मूल्य पर सवा सौ रूपए बोनस राशि जारी प्रति क्विंटल 2400 रूपए देय होंगे



**विदिशा ।** प्रदेश में गेंहू उपार्जन के लिए घोषित समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल 2250 जारी हुआ है। कैबिनेट की बैठक में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अपर मुख्य सचिव ने आज संभागीय वीडियो कांफ्रेसिंग समीक्षा में बताया कि किसान भाईयों को बोनस राशि 125 रूपए प्रति क्विंटल के मान से प्रदाय की जाएगी इस प्रकार पंजीकृत किसानो से गेंहू प्रति क्विंटल 2400 रूपए के मान से क्रय कर भुगतान किया जाएगा। एनआईसी के व्हीसी कक्ष में मौजूद कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने विदिशा जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहू, चना, सरसो एवं मसूर की खरीदी के लिए किए गए प्रबंधो पर विस्तृत जानकारी से अवगत कराया है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू, नागरिक आपूर्ति निगम के मार्कफेड, कॉ-आपरेटिव बैंक के सीईओ, मंडी सचिव सहित अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद रहें।

# मंडी रोड पर केबल में लगी आग दमकल से बुझाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

रविवार की रात्रि 12:00 बजे के करीब मंडी बाईपास रोड पर बिजली वितरण कंपनी की केबल में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगाई मुख्य मार्ग पर रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई आग इतनी भयंकर थी कि नगर पालिका परिषद से फायर गाड़ी को बुलाना पड़ा उसकी सहायता से काफी देर के बाद आप पर काबू पाया गया इस दौरान सड़क पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई थी बिजली वितरण कंपनी की लाइनों में इसी तरह के फाइट आए दिन होने से कई बार छोटी बड़ी दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। क्योंकि शहर में केविल लाइन डालने के नाम पर भ्रष्टाचार किया गया इस वजह से इस तरह की शिकायत है सामने आ रही हैं। गर्मी आने से पहले ही लाइनों में फाइट होने लगे हैं आने वाले दिनों में जब लोड बड़ेगा तो तब क्या होगा इसका अंदाजा अभी से लगाया जा सकता है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, भोपाल

**लिंक रोड नं. -2 माता मंदिर चौराहा के समीप, हर्षवर्धन नगर के सामने भोपाल**

Tel.: (0755) 2924467; Email- eephbpl@mp.nic.in

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्रमांक 551/तक/ का.यं/लो.स्वा.या.खंड/भोपाल/2023-24 — दिनांक 07.03.2024

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई टेंडरिंग पद्वति द्वारा ऑनलाईन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाईट https:// mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

| सिस्टम जनरेट आई डी क्रं. | खण्ड | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र की राशि रू. | ठेके की अनु. राशि रू. | अमानत राशि रू. | निविदा आनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि | 1.कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2024_PHED _342422_1 | भोपाल | विकासखण्ड बैरसिया में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम गुनगा, रोंडिया मुण्डियाखेड़ा में में विभिन्न कार्य। | 12500.00 | 13154000/- | 131540.00 | 22.03.2024 | 1.06 माह वर्षाकाल सहित 2. लोक निर्माण विभाग में केंद्रीकृत पद्धति से पंजीयन अनिवार्य। 3. प्रथम आमंत्रण |

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G- 25892/23

**कार्यपालन यंत्री,लो.स्वा.यां. खण्ड, भोपाल**

# पहले 3 घंटे तक रोककर रखा, फिर 2 वेट कैटेगरी में लड़ीं

# रेसलर विनेश ने 50 केजी कैटेगरी का ट्रायल जीता

**पटियाला, एजेंसी**

स्टार रेसलर विनेश फोगाट ने 3 घंटे के हंगामे के बाद नेशनल विमेंस रेसलिंग ट्रायल्स जीत लिया है। उन्होंने 50 चत्न वेट कैटेगरी में शिवानी पवार को 11-6 से हराया। अब वे अगले महीने किर्गिस्तान में होने वाले एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर में भारतीय टीम का हिस्सा होंगी। विनेश 53 केजी कैटेगरी का सेमीफाइनल मुकाबला तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अंजू से 0-10 से हार गई। इससे पहले, विनेश ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पटियाला सेंटर में करीब तीन घंटे तक 50 केजी और 53 केजी वेट कैटेगरी के मुकाबले शुरू नहीं होने दिए। उनके इन दोनों वेट कैटेगरी में हिस्सा लेने पर सहमति बनने के बाद ट्रायल्स शुरू हो सके। अधिकारियों से विनेश 53 केजी वेट कैटेगरी के आखिरी ट्रायल ओलिंपिक से ठीक पहले दोबारा कराने का लिखित आश्वासन या फिर दोनों वेट कैटेगरी में लड़ने की इजाजत देने की मांग कर रही थीं। दोबारा ट्रायल कराने के पीछे विनेश का कहना था कि अगर डब्ल्यूएफआई के हाथ में फिर कमान आ गई, तो चयन नीति बदल सकती है। बाद में एडहॉक बॉडी ने उन्हें दोनों कैटेगरी में लड़ने की इजाजत दे दी। आईओए द्वारा गठित एडहॉक बॉडी पहले ही कह चुकी है कि 53 किलो वर्ग के लिए आखिरी ट्रायल होगा, जिसमें इस भारवर्ग के शीर्ष 4 पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को अंतिम पंघाल से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

### विनेश को डर है कि डब्ल्यूएफआई उनकी जगह अंतिम पंघाल को भेज देगा

पटियाला में मौजूद एक कोच ने भास्कर को बताया कि विनेश सरकार से आश्वासन चाहती थीं, क्योंकि उन्हें डर है कि अगर ङ्कस्नढ्ढ के हाथ में फिर कमान आ गई, तो चयन नीति बदल सकती है और 53 चत्न से पहले कोटा हासिल कर चुकी अंतिम पंघाल को भेजा जा सकता है, पर सरकार दखल नहीं दे सकती।

### दो कैटेगरी में हिस्सा ले रहीं विनेश, ऐसा पहली बार

डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने और लंबे चले प्रदर्शन की अगुआई करने वाली विनेश दो वेट कैटेगरी (50 और 53 केजी) में हिस्सा ले रही हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि एक पहलवान किसी पूरे टूर्नामेंट में एक साथ दो वेट कैटेगरी में हिस्सा ले रहा है। आमतौर पर ट्रायल में पहलवान एक वेट कैटेगरी में हारने के बाद दूसरी वेट कैटेगरी की कुश्ती लड़ लेता था। 50 केजी वेट कैटेगरी की रेसलर्स विनेश को दोनों कैटेगरी में खिलाने के फैसले का विरोध कर रही हैं।



## इंडियन प्रीमियर लीग और टी-20 वर्ल्ड कप से पहले खिलाड़ियों को लेकर तैयारी

# पंत ने विकेटकीपिंग की तो वर्ल्ड कप टीम में मिल सकता है मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इंडियन प्रीमियर लीग और टी-20 वर्ल्ड कप से पहले खिलाड़ियों से जुड़े कई अपडेट्स दिए हैं। उन्होंने विकेटकीपर ऋषभ पंत और केएल राहुल के भारतीय लीग से मैदान पर वापसी की बात कही। साथ ही मोहम्मद शमी के टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने की जानकारी दी। शाह ने इंडियन प्रीमियर लीग में विदेशी निवेश की सूचनाओं को भी खारिज किया। वे सोमवार को मीडिया से चर्चा कर रहे थे। पंत साल 2022 में कार दुर्घटना का शिकार हुए थे, जबकि मोहम्मद शमी की चोट वनडे वर्ल्ड कप और केएल राहुल की इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान उभरी। दोनों एनसीए में रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

पंत वापसी के लिए तैयार हैं बीसीसीआई सचिव ने ऋषभ पंत पर की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर जानकारी दी। उन्होंने कहा पंत आईपीएल में वापसी के लिए तैयार हैं। पंत दिसंबर 2022 में एक भीषण कार दुर्घटना के बाद से खेल से दूर हैं। शाह ने कहा- 'वे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं, वे अच्छी कीपिंग भी कर रहे हैं। हम जल्द ही उसे फिट घोषित कर देंगे। अगर वे टी20 वर्ल्ड कप खेल सकें तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। वह हमारे लिए एक अहम खिलाड़ी है। शाह ने कहा, अगर वह कीपिंग कर सके तो वह वर्ल्ड कप खेल सकते हैं। देखते हैं कि वह आईपीएल में कैसा प्रदर्शन करते हैं।



### राहुल आईपीएल से कर सकते हैं वापसी

बांग्लादेश के खिलाफ होम सीरीज से शमी की वापसी संभव शाह ने बताया कि शमी सितंबर महीने बांग्लादेश के खिलाफ 3 टेस्ट और 3 टी20 इंटरनेशनल मैचों की होम सीरीज से वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कहा- शमी की सर्जरी हो गई है, वे भारत वापस आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ होम सीरीज के लिए शमी की वापसी की संभावना है। राहुल आईपीएल से वापसी कर सकते हैं राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी चार मैच नहीं खेल पाए थे। लंदन में इलाज कराने के बाद उनके आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने की उम्मीद हैं। लोकेश राहुल को इंजेक्शन की जरूरत थी, उन्होंने रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) शुरू कर दिया है व एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में विदेशी निवेश नहीं इंडियन प्रीमियर लीग में विदेशी निवेश के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है, क्योंकि बीसीसीआई कंपनी नहीं सोसाइटी है। उन्होंने कहा- बीसीसीआई सोसाइटी है और कोई इस में निवेश नहीं कर सकता है। पिछले साल खबर आई थी कि सऊदी अरब की नजर आईपीएल में अरबों डॉलर के निवेश पर है। भारत में पंजीकृत सोसायटी केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी के बिना विदेशी निवेश स्वीकार नहीं कर सकती है।

### 2 आईपीएल मैच मिस कर सकते हैं सूर्या

सूर्यकुमार यादव आखिरी बार दिसंबर 2023 में भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते नजर आए थे। यहां साउथ अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने टी-20 में टीम इंडिया की कप्तानी की थी। इसी दौरान वह फील्डिंग के दौरान गेंद रोकने की कोशिश में इंजर्ड हो गए। सूर्या को पैर में चोट लगी थी, जिसका इलाज कराने के लिए वह भारत लौटे। उन्होंने हर्निया की सर्जरी कराई और फिर एनसीए में रिहैब शुरू कर दिया। एनसीए से उनके अब तक फिट होने की जानकारी नहीं मिली है। सर्जरी के कारण सूर्यकुमार की वापसी अब तक कन्फर्म नहीं हो सकी है। दिसंबर में इंजर्ड होने के बाद से वह हृष्ट में रिकवरी कर रहे हैं। सूर्यकुमार मुंबई इंडियंस के लिए शुरुआती 2 मैच नहीं खेल सकेंगे। आईपीएल का 17वां सीजन 22 मार्च से शुरू हो रहा। मुंबई अपना पहला मैच 24 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। टीम दूसरे मैच में 27 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी। दोनों में ही सूर्या का खेलना मुश्किल है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सूर्यकुमार अप्रैल में खेल के मैदान पर वापसी कर सकते हैं।

### रॉबिन मिंज का भी खेलना मुश्किल

झारखंड के विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज गुजरात टाइटंस के लिए आईपीएल के शुरुआती कुछ मैचों में उपलब्ध नहीं होंगे। इंडियन प्रीमियर लीग का यह सीजन 22 मार्च से शुरू हो रहा है। रॉबिन मिंज को बाएं हाथ में चोट लगी है। उन्हें डॉक्टरों ने चार हफ्ते के आराम की सलाह दी है। रॉबिन को ढ्ढक्करु2024 के लिए हुए मिनी ऑक्शन में गुजरात टाइंटस ने 3.6 करो? में खरीदा था। पिछले सप्ताह रॉबिन मिंज रांची में बाइक एक्सीडेंट में चोटिल हो गए थे। गुजरात टाइटंस के सूत्रों के मुताबिक, अहमदाबाद पहुंचने पर उनका फिटनेस टेस्ट हुआ। उनके बाएं हाथ की आईपीएल हुई है। जिसमें गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। वह अभी टीम के मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। दैनिक भास्कर को गुजरात टाइटंस के सूत्रों ने बताया, मिंज का शुरुआती कुछ मैचों में खेलना मुश्किल है। पिछले सप्ताह रांची में रॉबिन की बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई थी।

## सुरेश रैना की टीम को मिली हार

# युवराज सिंह की टीम न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने मारी बाजी



**मुंबई, दोपहर मेट्रो**

युवराज सिंह की अगुवाई वाली न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने दिल्ली डेविल्स को हरा दिया है. सुरेश रैना की कप्तानी वाली दिल्ली डेविल्स को 50 रनों से हार का सामना करना पड़ा. न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने दिल्ली डेविल्स को हरा दिया है. युवराज सिंह की अगुवाई वाली न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने सुरेश रैना की कप्तानी वाली दिल्ली डेविल्स को 50 रनों से हराया. दिल्ली डेविल्स के सामने 186 रनों का लक्ष्य था, लेकिन 15 ओवर में 5 विकेट पर महज 135 रन बना सकी. दिल्ली डेविल्स के कप्तान सुरैश रैना ने 35 गेंदों पर 50 रनों की नाबाद पारी खेली. लेकिन अपनी टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके. इससे पहले सुरेश रैना की कप्तानी वाली दिल्ली डेविल्स ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी युवराज सिंह की न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने 15 ओवर में 6 विकेट पर 186 रनों का स्कोर खड़ा किया. न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स के लिए लाहिरू थिरिमाने ने सबसे ज्यादा रन बनाए. लाहिरू थिरिमाने ने 39 गेंदों पर 90 रनों की तूफानी पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और 5 छक्के जड़े। लेकिन इसके बाद न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स के बाकी बल्लेबाज कुछ खास योगदान नहीं दे सके. दिल्ली डेविल्स के लिए अनुरीत सिंह और ईशान मल्होत्रा ने 2-2 विकेट झटके. इसके अलावा इकबाल अब्दुला और अमितोज सिंह को 1-1 कामयाबी मिली।

### रैना की अर्धशतकीय पारी गई बेकार

न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स के 186 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली डेविल्स 15 ओवर में 5 विकेट पर 135 रन बना सकी. दिल्ली डेविल्ड के कप्तान सुरेश रैना ने अर्धशतकीय पारी जरूर खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला. हालांकि, अंबाती रायुडू के अलावा ब्रैंडन टेलर और आशान प्रिरंजन ने छोटी लेकिन उपयोगी योगदान दिया. लेकिन दिल्ली डेविल्ड की टीम लक्ष्य तक पहुंच नहीं सकी. न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स के लिए इसरू उदाना ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके. इसके अलावा नुआन प्रदीप और कॉलिन डीग्राम होम को 1-1 कामयाबी मिली।



## मेट्रो बाजार

# पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज का आईपीओ आज ओपन, 14 तक निवेश

**मुंबई, एजेंसी**

ऑटोमोबाइल डीलरशिप्स बिजनेस से जुड़ी कंपनी पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ आज ओपन होगा। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 14 मार्च तक बोली लगा सकेंगे। इसके अलावा क्रिस्टल इंटीग्रेटेड सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ भी इसी हफ्ते ओपन होगा। पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज इस आईपीओ के जरिए 601.55 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 250 करोड़ के 8,474,576 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है। जबकि, कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल के जरिए ?351.55 करोड़ के 11,917,075 शेयर बेच रहे हैं। 19 मार्च को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 280-295 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 50 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 295 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,750 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 650 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 191,750 खर्च करने होंगे।

# 28 मार्च तक शुरू होगा सेटलमेंट, शेयर बेचने पर एक दिन में अकाउंट में पैसा आएगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया 28 मार्च तक ऑप्शनल बेसिस पर टी+0 सेटलमेंट सिस्टम शुरू कर देगा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के कार्यक्रम में जानकारी दी। चेयरमेन ने कहा कि हमें (स्मॉल एंड मीडियम-साइज एंटरप्राइजेज) सेगमेंट में हेरफेर के संकेत दिखे हैं। हम कार्रवाई करने के लिए मजबूत सबूत और फीडबैक पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेबी कुछ आईपीओ के मामले में भी कीमतों में हेराफेरी और ट्रेडिंग लेवल की भी निगरानी कर रही है। वर्तमान में भारतीय शेयर मार्केट सभी शेयरों के लिए टी+1 सेटलमेंट साइकल पर काम करता है। टी+0 का मतलब शेयर की खरीदारी और बिक्री का सेटलमेंट एक ही दिन में होगा। तीन महीने पहले मार्केट रेगुलेटर ने इसके लिए कंसल्टेशन पेपर इश्यू किए थे और 12 जनवरी तक इसपर लोगों से राय मांगी थी। सेबी ने टी+0 सेटलमेंट को दो फेज में लागू करने का प्रस्ताव दिया था। टी+0 सेटलमेंट के पहले फेज में सेम-डे सेटलमेंट लागू किया जाएगा, जिसके बाद खरीदार को उसी दिन शेयर अलॉटमेंट और बेचने वालों को उसी दिन फंड मिल जाएगा। सभी लेनदेन के लिए एक ऑप्शनल इमीडिएट ट्रेड-बाय-ट्रेड सेटलमेंट की सुविधा दी जाएगी। हम अगले साल मार्च तक ट्रेड सेटलमेंट के समय को कम करके 1 घंटे करने और फिर अक्टूबर 2024 तक तुरंत ट्रेड सेटलमेंट लागू करने की तैयारी कर रहे हैं।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# अरबाज खान से शादी को लेकर एक्ट्रेस मलाइका का खुलासा



1998 में चलती ट्रेन पर 'छैया छैया' गाने पर डांस कर के मलाइका अरोड़ा ने उस दौर में एक नया ट्रेंड सेट किया था. इस गाने में एक्ट्रेस ने अपने डांस से फैंस की खूब वाह वाही लूटी थी. इसी साल मलाइका ने बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान से शादी कर ली थी. शादी के वक्त मलाइका की उम्र मात्र 25 साल थी. इस शादी के 19 साल बाद कपल का तलाक हो गया था. मलाइका ने एक इंटरव्यू में अपने इतने कम उम्र में शादी करने के फैसले को लेकर खुलासा किया है. 25 साल की उम्र में शादी एक्ट्रेस ने पिंकविला को दिए हुए एक इंटरव्यू में अपने पहली शादी को लेकर बातचीत की है. एक्ट्रेस से जब उनकी कम उम्र में शादी करने को लेकर सवाल किया गया. इसके जवाब में उन्होंने कहा - ये मेरा फैसला था. मुझ पर किसी तरह का दवाब नहीं था. मैं एक ऐसी फैमिली में नहीं बड़ी हुई जहां कम उम्र मे लड़कियों की शादी कर दी जाती हो. मुझे हमेशा मेरे परिवार से लाइफ एन्जॉय करने और अच्छे लोगों से दोस्ती करने की सलाह दी गई है. एक्ट्रेस ने आगे कहा- मैने खुद अपने परिवार से कहा था कि मुझे 22- 23 की उम्र में शादी करनी है. मेरे इस फैसले पर भी मेरे परिवार ने मुझे सपोर्ट किया(

### शादी के कुछ समय बाद हुआ एहसास

मलाइका ने कहा- मुझे शादी के कुछ समय बाद ये एहसास हुआ कि ये वो नहीं है जो मैं चाहती हूं. इसलिए मैने अरबाज से तलाक लेने का फैसला कर लिया. एक्ट्रेस के मुताबिक जिस वक्त उन्होंने तलाक का फैसला लिया था उन्हें खूब ताने सुनने पड़े थे. अपनी लाइफ के उस फेज को याद करते हुए एक्ट्रेस ने कहा - जिस वक्त मैने ये फैसला लिया उस वक्त मुझे नहीं लगता इंडस्ट्री में महिलाएं डिवोर्स के बाद सफल हो पाती थी. तलाक लेते वक्त मैंने सिर्फ अपने बारे मे सोचा ,अपनी ग्रोथ के बारे में सोचा. मुझे लगा इसी से मैं खुद को खुश रख पाउंगी।

# जब इंडस्ट्री में नई थीं तापसी, तो उनसे बहुत कुछ करने को कहा जाता था...



तापसी पन्नू बॉलीवुड और साउथ की एक नामी अभिनेत्री हैं। वह अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। जब भी किसी बात पर अपनी राय रखनी हो, तो वह जरा भी हिचकती नहीं, न ही दूसरों की बातों से प्रभावित होती हैं। हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड में अपने शुरुआती दौर के बारे में कुछ खुलासे किए। जब इंडस्ट्री में नई थीं तापसी यह वह समय था जब तापसी बॉलीवुड में नई-नई आई थीं। ऐसे में उन्होंने किसी की भी गलत सलाह को नहीं माना, बेशक इसकी बजाय उन्होंने सफलता पाने का कठिन रास्ता चुना। तापसी अक्सर ब? बॉलीवुड इवेंट्स से नदारद रहती हैं। हाल ही में आयोजित अंबानियों की जामनगर स्थित ब?ी ग्रैंड पार्टी में भी नजर नहीं आईं। जब उनसे इस तरह के इवेंट्स में हिस्सा न लेने की वजह पूछी, तो उन्हें मुंबई नगरी के अपने शुरुआती दिन याद आ गए। ये वो दिन थे जब वह काम पाने के लिए यहां संघर्ष कर रही थीं। इन दिनों को याद कर तापसी बताती हैं,'उस समय कुछ लोगों ने मुझे सलाह दी कि तुम बॉलीवुड के बड़े एक्टर्स और डायरेक्टर्स को मेसेज भेजा करो। ऐसा करने से उनकी नजर में रहोगे और वे तुम्हें अपनी पार्टी में आने का न्योता देंगे। मुझे लगा कि मैं उस तरह की नहीं हूं। मैं सुबह जल्दी उठती हूं, तो रात के दस बजे के बाद मुझे कहीं रुकना ठीक नहीं लगता। ना मैं पीती हूं और न ही मैं धूम्रपान करती हूं, तो मैं वहां क्या करूंगी। मैं सिर्फ अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर सकती हूं।

# अक्षय ने पत्नी ट्विंकल से खाई डांट, बुरी तरह हुए ट्रोल



एक्ट्रेस और राइटर ट्विंकल खन्ना ने हाल ही में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन को लेकर बात की है। इस दौरान उन्होंने अपने पति अक्षय कुमार को भी ट्रोल कर दिया है। ट्विंकल खन्ना जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग फंक्शन में भले ही शामिल न हुई हो, लेकिन उन्होंने इंस्टाग्राम के जरिए वहां की फोटोज और वीडियोज देखी है। जिसे लेकर अब उन्होंने अपने विचार शेयर किए हैं। उन्होंने अपने पति और एक्टर अक्षय कुमार के डांस पर बोलते हुए कहा कि अक्षय तो ऐसा पंचिंग डांस स्टेप करते हैं और फिर उसे 33 बार फुल एनर्जी के साथ दोहराते हैं। इससे ऐसा लगता है कि जैसे कोई नशे में चूर होकर डांस कर रहा है। ट्विंकल खन्ना ने पॉप सिंगर रिहाना के परफॉर्मेंस को लेकर भी अपने विचार शेयर किए हैं। उन्होंने कहा, रिहाना को मैंने 66 से 74 करोड़ रुपये लेकर नंगे पैर परफॉर्म करते देखा है। लेकिन उनकी परफॉर्मेंस नीता अंबानी के परफॉर्मेंस जितनी भव्य और अच्छी नहीं थी।

## संक्षिप्त समाचार

### गरीब रथ एक्सप्रेस में युवक का बैग समेत पचास हजार की चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में लगातार वारदात बढ़ रही है। नागपुर से निजामुद्दीन के लिए सफर कर रहे एक युवक का अज्ञात बदमाश ने बैग चुरा लिया। बैग में दस हजार रुपए की नगदी, छह ग्राम वजीन अंगूठी और मोबाइल चार्जर समेत पचास हजार रुपए का सामान था। जीआरपी ने चोरी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी ने बताया कि तातिल भनाकर पिता घनश्याम (30) लता मंगेश्कर नगर, खरगी नागपुर (महाराष्ट्र) में रहते हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि ट्रेन 12611 गरीबरथ एक्सप्रेस कोच जी 7 बर्थ नं 75 पर नागपुर से निजामुद्दीन की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उनकी नींद खुली तो रेलवे स्टेशन निशातपुरा भोपाल ट्रेन पहुंच चुकी थी। उन्होंने अपनी सीट पर रखा लाल बैग देखा तो पता चला कि बैग किसी ने चुरा लिया है। बैग में 10 हजार रुपए की नगदी कपड़े इस्तेमाली, एक सोने की अंगूठी 6 ग्राम कीमती 38000 रुपए मोबाईल चार्जर व अन्य सामान था, जो कोई चोर निशातपुरा स्टेशन पर चुराकर ले गया।

### 60 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर झुग्गी में एक बजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीने के आदी थे और शराब के लिए अक्सर पैसे मांगते थे। रविवार शाम भी उन्होंने पैसे मांगे थे, लेकिन परिजन ने पैसे देने से मना कर दिया। अनुमान है कि इसी से दुखी होकर उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया है।

पुलिस के अनुसार 60 साल के राजाराम कुशवाह, आदर्श नगर, झुग्गी में रहते थे। वे खुल्ली मजदूरी करते थे और जो भी पैसा मिलता था उसकी शराब पी जाते थे। परिवार में पत्नी के अलावा बेटा बहू हैं। सोमवार सुबह परिजन नीचे वाले कमरे में थे, जबकि राजाराम ऊपर टीनसेड वाले कमरे थे। सुबह करीब 11 बजे के आसपास उनकी पत्नी खाना खाने के लिए उन्हें बुलाने पहुंची तो उन्होंने राजाराम को रससी के फंदे से टीनसेड के लिए लगाए गए पाइप में लटका देखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

#### गाय चराने गया था पति, घर में था दो साल का बेटा और पांच साल की बेटी

# पति की प्रताड़ना से दुखी होकर विवाहिता ने लगाई थी फांसी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव सोनकक्ष में गत 26 फरवरी की सुबह एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला था, लेकिन मृतिका के मायके पक्ष ने पति पर गंभीर आरोप लगाए थे। मायके पक्ष का आरोप था कि मृतिका का पति शराबी था और आए दिन नशे में पत्नी से विवाद करता था। पुलिस ने मर्ग जांच और मायके पक्ष के बयान के बाद आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है।**



पुलिस के अनुसार गंगाबाई पति शिव प्रसाद मालवीय (28) गांव सोनकक्ष, तहसील बैरसिया में रहती थी। मूलतः गांव पड़ोसिया, मंडीदीप, जिला रायसेन निवासी गंगा बाई के पति शिव प्रसाद मालवीय ने 26 फरवरी की सुबह पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी पत्नी ने घर में फांसी लगा ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया।

शिवप्रसाद से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आत्महत्या सोमवार सुबह 8 से 11 बजे के बीच में की गई थी। घटना के समय शिव प्रसाद गाय लेकर चराने निकल गया था, जबकि उसकी मां आंगनवाड़ी खाना लेने गई थी। घर में मृतिका का दो साल का बेटा और पांच साल की बेटी थी। करीब 11 बजे के आसपास गंगाराम मालवीय घर लौटा तो उसने पत्नी गंगाबाई को फांसी के फंदे पर लटके देखा था।

#### मायके पक्ष ने कहा था अभी नहीं कराना पीएम

मायके पक्ष से पुलिस ने संपर्क किया तो उन्होंने कहा था कि उनके बैरसिया पहुंचने के बाद ही बेटी का पीएम कराया जाए। मायके पक्ष बैरसिया पहुंचा और पुलिस ने पीएम करा दिया। इस दौरान मायके पक्ष के लोगों ने बताया था कि बेटी की शादी को आठ साल दस महीने हो चुके है। दामाद गंगाराम शराब पीने का आदी ?था और बेटी को प्रताड़ित करता था। उसे बात बात पर कमेंट्स भी करता था।

### नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार करने वाले आरोपी को 20 साल की जेल

**भोपाल।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) रश्मि मिश्रा की अदालत ने नाबालिग किशोरी का अपहरण कर बलात्कार करने वाले एक आरोपी को न्यायालय ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर विभिन्न धाराओं में दोषी पर पाते हुए 11 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है।

लोक अभियोजक के अनुसार, पीड़िता के पिता ने गुनगा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह मजदूरी करता है और उसकी बेटी करीब 03 दिन पहले उसकी मौसी के घर गई थी। 16 अक्टूबर 2018 को घर वापस आने के लिए निकली थी और करोंद में रहने वाली मौसी के घर रूक गई थी। शाम करीब 08:00 बजे साडू भाई का फोन आया और उन्होने बताया कि 3 बजे बेटी वहां से निकल गई थी, लेकिन बेटी घर नहीं पहुंची। तलाश किया तो वह नहीं मिली। पिता ने आशंका जताई कि उनकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया होगा। पुलिस ने जब पीड़िता को खोज निकाला, तो पीड़िता ने बयान दिए कि आरोपी उसे अपने साथ ले गया था और कई बार उसके साथ जबरन संबंध बनाए।

### रंजिश में दो बदमाशों ने युवक से की मारपीट, चाकू से जानलेवा हमला



भोपाल, दोपहर मेट्रो

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड पुष्पा नगर में कल शाम दो बदमाशों ने आपे चालक से मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू उसके कान के पास लगा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आपे चालक की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ, गालीगलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार कल्लू खान उर्फ भन्नाट पिता सलीम खान (23) शंकराचार्य नगर में रहता है और आपे चलाता है। उसने पुलिस को बताया कि कल सोमवार शाम वह रेलवे स्टेशन से सवारी लेकर प्रभात छोड़ने जा रहा था। इस दौरान पुष्पा नगर में उसने सवारी उतारी और खुल्ले पैसे लेने पुष्पा नगर तिराहा पर सांची पार्लर पहुंचा?था। इसी बीच अरमान मलिक और इमरान उसे मिल गए। दोनों से कल्लू की पुरानी रंजिश है। आरोपियों ने कल्लू को देखते ही गालीगलौज शुरू कर दी। कल्लू ने गाली देने से मना किया तो आरोपी भड़क गए और लात घूंसों से मारपीट करने लगे। इसी बीच अरमान मलिक से चाकू लेकर इमरान ने कल्लू पर हमला किया था। चाकू कल्लू भन्नाट के कान के पास लगने से उसे चोट आई है।

### राजधानी में चोरों का आतंक चौबीस घंटे के भीतर पांच जगह चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

राजधानी में चोरी और नकबजनी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। चोरों और नकबजनों ने गत चौबीस घंटे के भीतर पिपलानी, कोलार और निशातपुरा सहित अशोका गार्डन में पांच चोरी और नकबजनी की वारदात को अंजाम देते हुए लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। पुलिस ने सभी प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार पराग पांडे सुदामा सन सिटी मोहन नगर पिपलानी में किराए के से रहता है। वह छात्र हैं और उसके दोस्त साथ रहते हैं। पराग ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार सुबह उसके कमरे का दरवाजा खोलकर अज्ञात बदमाश तीन लैपटाप, दो मोबाइल, चुराकर ले गए। चोरी गए लैपटॉप और मोबाइल की कीमत करीब एक लाख रुपए हैं। इसी प्रकार मंदाकिनी कॉलोनी कोलार में रहने वाले राहुल पाटिल ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बदमाश उसके घर से आठ हजार रुपए की नगदी, मोबाइल समेत चांदी का सिक्का चुराकर ले गए है। बदमाशों ने संजीव नगर नेवरी, निशापुरा में रहने वाले अशोक कुमार कुमरे के मकान का ताला तोड़कर सोजने चांदी के जेवरात, नगदी समेत एक लाख रुपए के माल पर हाथ साफ कर लिया। इधर अशोका गार्डन में लाला लाजपत राय कॉलोनी में रहने वाली नीलम सोलंकी के खुले मकान से बदमाश बीस हजार रुपए का लैपटाप चुराकर ले गए।

#### निजामउद्दीन कॉलोनी के सूने मकान को बनाया था निशाना

### दो शातिर नकबजन गिरफ्तार, 6 लाख का माल बरामद

भोपाल, दोपहर मेट्रो

पिपलानी पुलिस ने दो शातिर नकबजनों को गिर तार कर उनके कब्जे से चोरी का छह लाख रुपए का माल बरामद किया है। आरोपियों ने 26 फरवरी को निजामउद्दीन कॉलोनी स्थित स्नेहा नगर के सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों के माल पर हाथ साफ किया था।



पुलिस के मुताबिक अशोका गार्डन निवासी नुजहत अ तर (30) विगत 26 फरवरी की शाम छह बजे सपना हो स स्नेहा नगर निजामउद्दीन कॉलोनी वाले मकान में ताला डालकर किराए के मकान अशोका गार्डन चली गई थीं। अगले दिन 27 फरवरी की सुबह करीब साढ़े 8 बजे पिता ने फोन कर सूचना दी कि स्नेहा नगर वाले घर के मेनगेट का ताला टूटा हुआ है। नुजहत अ तर ने जाकर देखा कि घर के भीतर सामान बिखरा पड़ा है। कमरे में रखे ट्राली बैग समेत तीन बैग व अन्य कीमती सामान गायब था। कोई अज्ञात बदमाश सूने घर का ताला तोड़कर सामान चुरा ले गया। पुलिस ने नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान विगत 11 मार्च को मु ाबिर की सूचना पर मनीष यादव (30) निवासी आचार्य नरेन्द्र देव नगर ऐशबाग व लक्ष्मी यादव (35) निवासी हथाईखेड़ा पठार आनंद नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने उक्त वारदात को अंजाम देना कुबूल किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने के जेवरात, शादी के लहंगे, कीमती साड़ियां व अन्य गृहस्थी का सामान समेत छह लाख रुपए का माल बरामद किया है। आरोपी मनीष के खिलाफ करीब आधा दर्जन अपराध पंजीबद्ध हैं जबकि आरोपी लक्ष्मी यादव के विरूद्ध एक प्रकरण दर्ज है।

### ऑनलाइन कंपनी में काम करने वाले युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित कोरलकासा कॉलोनी में सोमवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवक ऑनलाइन कंपनी में काम करता था। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त किया है। पुलिस मोबाइल की जांच करा रही है।

पुलिस के अनुसार उमाशंकर शर्मा कोरल कासा कॉलोनी, निशातपुरा में रहते हैं। वे पहले रेस्टोरेंट में नौकरी करते थे और फिलहाल घर में ही रहते हैं। परिवार में उनकी पत्नी के अलावा दो बेटे और बेटी है। बड़ा बेटा शुभम मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता है, जबकि छोटा 31 साल का बेटा हर्ष शर्मा घर में रहता था और आनलाइन कंपनी में नौकरी कर रहा था। उमाशंकर ने बताया कि हर्ष देर रात तक काम करता था और दिनभर सोता था। वह अपने कमरे में ही रहकर काम करता था। दोपहर करीब दो बजे के आसपास वे हॉल में बैठे थे। उन्होंने बेटे हर्ष को कॉल कर खाने का पूछा। इस पर हर्ष ने कहा कि शाम करीब 4 बजे के आसपास खाना खा लूंगा। शाम को मां खाना लेकर कमरे के बाहर पहुंची और आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं मिली। खिड़की से झांककर देखने पर पता चला कि हर्ष ने पर्दे का फंदा पंखे पर बांधकर फांसी लगा ली है।

**मेट्रो एंकर** न्यायालय-पुलिस संवाद विषय पर कार्यशाला

## न्याय संहिता में परिवर्तनों के बाद पुलिस की भूमिका और जवाबदेही पर मंथन

भोपाल, दोपहर मेट्रो



सत्र न्यायालय भोपाल के न्यायालयीन अधिकारियों-न्यायधीशों और पुलिस अधिकारियों के लिए न्यायालय-पुलिस संवाद विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला ऑफिसर्स मेस में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि अमिताभ मिश्रा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल एवं विशिष्ट अतिथि हरिनारायणाचारी मिश्र, पुलिस आयुक्त भोपाल तथा जिला सत्र न्यायालय के न्यायाधीशगण एवं समस्त पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी, भोपाल देहात के थाना प्रभारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि अमिताभ मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल एवं विशिष्ट अतिथि हरिनारायणाचारी मिश्र, पुलिस आयुक्त भोपाल ने भारतीय न्याय संहिता में हुए परिवर्तनों में पुलिस की भूमिका और जवाबदेही के संबंध में चर्चा की एवं मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में अरविंद कुमार शर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा भारतीय न्याय संहिता में हुए नवीन परिवर्तन व पुलिस की भूमिका के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। अतुल सक्सेना, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा अन्वेषण से विचारण तक की यात्रा एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के संबंध में परिचय दिया। स्वयं प्रकाश दुबे, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में विस्तृत परिचय दिया। जयंत शर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत तलाशी, जब्ती एवं अन्य आवश्यक विधिक प्रावधानों एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसी प्रकार शैलजा गुप्ता, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम एवं महिला अपराधों में विवेचना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं साक्ष्य के संबंध में विस्तृत व्याख्यान दिया।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022